दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 278 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 03 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st





## भजनलाल ने सभी जिला कलेक्टर को किया पाबंद: सैनिक और दिवंगत सैनिकों के परिजनों का रखें ध्यान

**मिलिट्री, सुरक्षा बलों अर्ध सैनिक बलों से जुड़े लोगों और परिजनों के कल्याण के लिए समर्पित भजनलाल सरकार**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सैनिकों और दिवंगत सैनिकों के परिजनों के कल्याण और विकास के लिए पूरी तरह से संकल्पित दिख रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश में सुरक्षा बलों अर्थ सुरक्षा बलों और सैनिकों से जुड़े लोगों के कल्याण और विकास के लिए प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि इनके कल्याण और विकास के लिए जितनी भी योजनाएं सरकार की ओर से संपादित की जा रही है उन योजनाओं का ठीक तरह से संपादन हो और इन्हें किसी भी तरह की कोई भी परेशानी नहीं हो इसके लिए जिला कलेक्टर खुद इन सभी योजनाओं की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करें मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को निर्देशित किया है कि जो सैनिक और सुरक्षा बलों से जुड़े लोग देश की रक्षा करते हुए या अन्य किसी कारण की वजह से घायल हुए हैं उनकी सूची तैयार करें उन्होंने कहा कि जो रिटायर्ड सैनिक है उन्हें सरकार की ओर से जितनी भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं उन सभी सुविधाओं को लेकर रिटायर्ड सैनिकों को बिल्कुल भी परेशानी नहीं होनी चाहिए चाहे वह पेंशन से जुड़ी बात हो या फिर जमीन आवंटन का मामला हो या फिर कोई अन्य बात हो सभी मामलों में जिला कलेक्टर रिटायर्ड सैनिकों और वीर सैनिकों का पूरा ख्याल रखें उन्होंने कहा कि दिवंगत सैनिकों के परिजनों को भी किसी भी तरह की कोई भी परेशानी नहीं हो इसके लिए कलेक्टर सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खुद मॉनिटरिंग करें जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि जो सैनिक अपना घर बार और अपनों की चिंता छोड़कर देश की रक्षा करते हैं और रक्षा करते-करते अपने प्राणों का बलिदान दे देते हैं उनके सम्मान में सरकार या हम सब जितना भी करें उतना कम है क्योंकि यह हमारे देश के गौरव होते हैं इसलिए शहीद सैनिकों के सम्मान में सरकार को ही नहीं बल्कि हर नागरिक को आगे आना चाहिए तथा शहीद सैनिक के परिवार जनों का ख्याल रखना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है यही वजह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को निर्देश देते हुए सैनिकों से जुड़े सभी मामलों पर खुद वोटिंग करने को कहा है । उल्लेखनीय है कि राजस्थान में हर साल बड़ी संख्या में सैनिक देश की सेवा की रक्षा करते हुए शहीद होते हैं खासतौर से प्रदेश के शेखावाटी अंचल के कई सैनिक हर साल शहीद होते हैं चाहे वह प्राकृतिक आपदा में राहतकारियों में भागीदारी निभाते हुए जान देने की बात हो चाहे सीमा पर रक्षा करते हुए जान देने की बात हो या फिर आतंकवादियों से मुकाबला करते समय जान देने की बात हो राजस्थान के सैनिक हर जगह अग्रणी भूमि का निभाते हैं इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान के सैनिकों और रिटायर्ड सैनिकों तथा दिवंगत सैनिकों के परिजनों की भलाई के लिए काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं ।

## जजों और जिला अदालतों के गठन को लेकर सरकार गंभीर, न्याय मजबूत तो लोकतंत्र भी मजबूत: भजनलाल शर्मा

**नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन में राजस्थान बन रहा अग्रणी, जोधपुर में बी. सी. आर. के नए भवन का उद्धाटन, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीधे जुड़े**







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की न्याय व्यवस्था से जुड़े वकीलों और न्यायाधीशों को भरोसा दिलाया है कि राजस्थान सरकार उनकी समस्याओं और संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए पूरी तरह से संकल्पित है उनकी ओर से उन्हें जो जो समस्याएं बताई गई हैं उन्हें सरकार पूराकरेगी । मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को जोधपुर में बी. सी.आर. के नए भवन के उद्धाटन समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ते हुए बोल रहे थे उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि प्रदेश में मुकदमों की संख्या को देखतेहुए न्यायाधीशों के पद कम है संसाधनों की कमी है जिसकी वजह से न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन सरकार उनकी हर परेशानी को दूर करने के लिए तैयार है उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की ओर से जिला अदालतों के गठन और नए जजों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद भी न्याय व्यवस्था से जुड़े लोग अच्छी भूमिका निभा रहे हैं उनकी इस भूमिका को देखते हुए उन्हें विश्वास है कि राजस्थान बहुत जल्दी ही पूरे देश में न्याय व्यवस्था में अग्रणी नजर आएगा उन्होंने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का वह मजबूत स्तंभ है जो समाज में न्याय और समानता की जोत को प्रज्वलित करता है सशक्त न्याय व्यवस्था से ही नागरिकों में सुरक्षा का भाव आता है उन्होंने कहा कि देश में लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानून ने न्याय की परिभाषा को बदलने का काम किया है उन्होंने कहा है कि जब न्याय मजबूत होता है तो लोकतंत्र भी मजबूत होता है लोकतंत्र के विभिन्न स्तंभ हैं और इन विभिन्न स्तंभों में एकता और समन्वय बनाए रखने में न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को जमीनी स्तर पर लागू किया गया है जिससे न्याय प्रक्रिया में तेजी आई है और आने वाले समय में देश में राजस्थान इस मामले में अग्रणी राज्य होगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि जिस नवनिर्मित भवन का उद्धाटन किया गया है यह भवन लोकतंत्र को और भी मजबूत करने का काम करेगा आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह भवन वर्तमान की जरूरत को पूरा करने के अलावा हमारे आने वाली पीढियां भी इससे प्रेरित होंगी उन्होंने कहा कि न्यायपालिका किसी भी राष्ट्र की रीड होती है हर व्यक्ति न्याय की आस लेकर कोर्ट कचहरी में आता है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सुलभ न्याय मिलने से ही विकास की यात्रा पूरी हो सकेगी इस कार्य में हमारे वकील और जज बड़ी भूमिका निभा रहे हैं यह खुशी की बात है । उन्होंने कहा है कि अधिवक्ता समाज के शिल्पकार होने के अलावा न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी कड़ी है जिनकी तर्क शक्ति ,ज्ञान और आपकी प्रतिबद्धता ही न्याय का आधार है अधिवक्ता लोगों के भरोसे की जीत की प्रतिमूर्ति है लोगों का यह विश्वास और आस्था ही हमारी न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है और जनता के इस विश्वास को मजबूत करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है । उन्होंने कहा कि यह नया भवन सिर्फ बिल्डिंग नहीं है बल्कि प्रदेश के लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र है प्रदेश के लोगों का भरोसा है यह प्रशिक्षण और तकनीकी ज्ञान अर्जन का प्रतीक है इसलिए इस भवन से लोगों को काफी उम्मीद है मुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में कहा कि किसी कारणवश वे इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके लेकिन दिल्ली से आए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता विजय विश्नोई का वंदन और अभिनंदन करते हैं और अन्य सभी मेहमान जो कार्यक्रम में मौजूद हैं उन सब का आभार प्रकट करते हैं और कार्यक्रम में मौजूद सभी वकीलों को भी उनकी ओर से शुभकामनाएं।

### कार्यक्रम में यह रहे विशिष्ट अतिथि और मेहमान

जोधपुर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संदीप मेहता विजय विश्नोई, राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ,अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास, बार काउंसिल आफ राजस्थान के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा, वाइस चेयरमैन देवेंद्र सिंह राठौड़ , काउंसिल आफ इंडिया के सुरेश चंद्र श्रीमाली सहित काउंसिल के पदाधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता गण उपस्थित रहे ।

## प्रदेश में करीब 30000 स्टेट कैरिज बसें भी कल से हड़ताल में होंगी शामिल

**परिवहन व्यवस्था बिगड़ी**

**रविवार को ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा का पेपर देने आए आवेदकों को भी हुई काफी परेशानी**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में रविवार को भी स्लीपर बसों का चक्का जाम रहा उधर प्रदेश में करीब 30000 स्टेट कैरिज बस संचालकों ने भी कल 4 नवंबर से हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है इसलिए कल से इस हड़ताल से यात्रियों को और भी परेशानी का सामना उठाना पड़ सकता है रविवार को ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा का पेपर देने आए लाखों अभ्यर्थियों को गंतव्य स्थान पर पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा क्योंकि प्रदेश भर में स्लीपर बसों के संचालन के बंद होने की वजह से अन्य बसों और राजस्थान रोडवेज की बसों में तिल रखने की भी जगह नहीं मिल रही थी बस खचाखच भरी हुई थी एक तरफ यात्रियों की भीड़ तो दूसरी तरफ इस भर्ती परीक्षा के आयोजन की वजह से प्रदेश भर में छोटे-बड़े सभी बस स्टैंड पर चारों तरफ यात्रियों और परीक्षार्थियों की भीड़ ही नजर आ रही थी हालांकि राजस्थान रोडवेज की ओर से अतिरिक्त बस का संचालन जरूर किया जा रहा है लेकिन यात्रियों की संख्या की तुलना में यह वैकल्पिक व्यवस्था यात्रियों को राहत नहीं पहुंचा रही है और अब तो कल 4 नवंबर से हड़ताल की वजह से प्रदेश की परिवहन व्यवस्था और बिगड़ सकती है क्योंकि प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित सभी प्रमुख शहरों और छोटे शहरों से बड़ी संख्या में स्टेट कैरिज बस का संचालन होता है लेकिन इनको भी हड़ताल पर चले जाने की वजह से यात्रियों के समक्ष और विकट समस्या खड़ी हो सकती है प्रदेश में करीब 8000 स्लीपर बसें पहले से ही हड़ताल पर हैं शुक्रवार की आधी रात के बाद से स्लीपर बस संचालक हड़ताल पर चले गए थे जिसके बाद से प्रदेश की परिवहन व्यवस्था बिगड़ गई 2 दिन बीत जाने के बावजूद भी सरकार और हड़ताली लोगों के बीच समझौता वार्ता नहीं हुई है बस संचालक परिवहन विभाग की कार्रवाई को लेकर काफी नाराज हैं उनका यही कहना है की छोटी-छोटी कमी को लेकर भारी भरकम जुर्माना वसूल किया जा रहा है और बसों को बीच रास्ते में ही रोक कर यात्रियों को भी बस से नीचे उतार दिया जाता है और फिर बस की चेकिंग की जाती है इसकी वजह से यात्रियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है दूसरी तरफ प्रदेश सरकार आए दिन हो रहे बस हादसों को लेकर काफी गंभीर और अलर्ट मोड पर है इसीलिए प्रदेश के परिवहन विभाग की ओर से प्रदेश के हर जिले में बस की चेकिंग की जा रही है और जो भी बस सुरक्षा मानक के नियम पूरे नहीं कर रही उनके खिलाफ तुरंत ही कड़ी कार्रवाई की जा रही है लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग की है कार्रवाई होनी भी चाहिए क्योंकि चाहे वह पिछले दिनों जैसलमेर में हुआ बस हादसा हो या फिर प्रदेश के जयपुर जिले के मनोहरपुर में हुआ बस हादसा हो दोनों ही जगह पर बस सुरक्षा मानक के नियम पूरे नहीं कर रही थी इसलिए कहीं ना कहीं परिवहन विभाग को अब हमेशा ही इसी तरह से कार्रवाई को अंजाम देना होगा ताकि बस संचालक सुरक्षा मानक का पूरा ध्यान रखें और निर्दोष यात्रियों की जिंदगी खतरे में ना पड़े रविवार को ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा का प्रदेश में 1570 जगह पर परीक्षा केंद्र बनाए गए थे प्रदेश के 38 जिलों में प्रमुख शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे इसलिए प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों के बस स्टैंड पर इस परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को गंतव्य स्थान पर पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा कई जगहों पर रोडवेज प्रशासन से जुड़े अधिकारियों से भी परीक्षार्थियों की कहा सुनी हुई ।

## ग्रामीण विकास अधिकारी परीक्षा: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ की परीक्षार्थियों ने

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में रविवार को राजस्थान ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपादित हुई प्रदेश में 1570 परीक्षा केंद्र पर आयोजित हुई इस परीक्षा में किसी भी परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और लापरवाही की शिकायत सामने नहीं आई और ना ही पेपर लीक जैसे कोई बात सामने आई इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई परीक्षा केदो पर परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर तारीफ की और कहा कि जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का आगमन हुआ है तब से प्रदेश में एक भी भर्ती परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई परीक्षा के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं काफी अच्छी की गई इसलिए परीक्षार्थियों ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को



परीक्षा के शांतिपूर्वक और पारदर्शक ढंग से आयोजित किए जाने पर थैंक्स भी बोला है । जानकारी के अनुसार रविवार को ग्रामीण विकास अधिकारी के 850 पदों के लिए प्रदेश में राजधानी जयपुर सहित 1570 परीक्षा केन्दो पर इस परीक्षा का आयोजन किया गया राजधानी जयपुर में भी बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए अलग-अलग परीक्षा केदो पर नजर आए इस परीक्षा में करीब 5 लाख 12 000 परीक्षार्थियों के बैठने की बात कही गई है और प्रदेश में सभी जिलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे इस परीक्षा के लिए पहले ही परीक्षार्थियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए थे परीक्षार्थियों को पहले ही बता दिया गया था कि आपको किस तरह से और कैसे परीक्षा केंद्र पर खुद को आना है बाकायदा ड्रेस कोड के बारे में भी बता दिया गया था परीक्षा केंद्र में क्या-क्या अलाउ नहीं होगा इसके बारे में भी बता दिया गया था इसलिए रविवार को सभी प्रत्याशियों की परीक्षा केदो पर बायोमेट्रिक और वीडियोग्राफी तकनीक के आधार पर चेकिंग व्यवस्था को अंजाम दिया गया परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो इत्यादि सभी जानकारी का ठीक तरह से मिलान किया गया डमी कैंडिडेट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए इस बार खास प्रबंध किए गए थे इसी का नतीजा रहा कि सभी परीक्षा केदो पर परीक्षा का शांतिपूर्वक तरीके से सफल आयोजन हुआ बड़ी बात यह है कि रविवार को आयोजित हुई परीक्षा में कहीं पर भी किसी भी बात को लेकर परीक्षार्थियों ने शिकायत नहीं की और ना ही पेपर लीक जैसी कोई घटना हुई इसीलिए परीक्षार्थी हंसते हुए परीक्षा केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थियों का कहना था कि पिछली गहलोत सरकार में उन्हें हमेशा यही टेंशन बनी रहती थी कि यह परीक्षा ठीक तरह से आयोजित होगी या नहीं और अगर परीक्षा आयोजित भी हो जाती थी तो बाद में कई तरह की कमियां और लापरवाही की शिकायत सामने आने के बाद परीक्षार्थी इस मामले को कोर्ट में भी ले जाते थे जिसकी वजह से लंबे समय तक भर्ती परीक्षाओं का रिजल्ट भी जारी नहीं होता था और कई बार भर्ती परीक्षा रद्द भी की गई लेकिन पिछले 22 महीनों में प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यकाल में अनेक भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ सभी भर्ती परीक्षाओं का सफल आयोजन हुआ इसलिए जो अभ्यर्थी ईमानदारी से मेहनत करके कंपटीशन की तैयारी करते हैं उन परीक्षार्थियों को अब काफी राहत मिल रही है और काफी खुश नजर आ रहे है उन्हें ऐसा लगता है कि अब उनकी मेहनत जरुर सफल होगी क्योंकि पेपर लीक जैसे मामले सामने आने के बाद उन्हें ऐसा लगता था कि उन्हें नौकरी मिलना मुश्किल है चाहे कितनी ही पढ़ाई कर ले लेकिन अब उन्हें इस बात का भरोसा हो गया है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार में मेहनत करने वाले स्टूडेंट को जरुर सफलता मिलेगी और जरूर नौकरी मिलेगी इसीलिए परीक्षा केंद्र के बाहर कई जगहों पर परीक्षार्थियों ने भजनलाल शर्मा की खूब तारीफ की ।

# स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल की 112 वीं जयन्ती हर्षोल्लास मनाई से

## राजस्थान पुजारी महासंघ की बैठक हुई आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ की एक बैठक मंदिर श्री भर्तृहरि धाम पर आयोजित हुई। महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि मंदिरों में हो रही चोरियों और प्रशासन की लापरवाही के कारण सभी पुजारी आक्रोशित थे सभी पुजारियों ने पुलिस प्रशासन से चोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन देने का निर्णय लिया। प्रत्येक मंदिर में एक नहीं दो नहीं पांच, पांच मंदिरों में एक साथ चोरी होना प्रशासन की घोर लापरवाही है। जब मंदिरों की सुरक्षा नहीं है तो पुजारियों की सुरक्षा सरकार कैसे कर पाएगी। पुजारी महासंघ द्वारा मांग की गई कि रात्रि गश्त व्यवस्था पुनः चालू की जाए अगर प्रशासन फिर भी लापरवाही करेगा तो पुजारी महासंघ धरना प्रदर्शन करेगा अतः पुलिस अधीक्षक से निवेदन है कि शीघ्र ही रात्रि गश्त कर चोरियों पर रोकथाम लगाए और मंदिरों में हुई चोरी के आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़े। बैठक में आचार्य राजेंद्र शर्मा, महेश चंद शर्मा, पंडित विवेकानन्द शर्मा, मोनू पंडित, राजकुमार शर्मा, रमाकांत शर्मा, बालकिशन शर्मा, देवराज शर्मा, कंचन शर्मा, रघुवीर स्वामी, श्याम सुंदर पाराशर, योगेश शर्मा, नत्थू राम शास्त्री, योगानंद शर्मा, अनिल शर्मा, जयदीप शर्मा, लोकेश शर्मा, चितरंजन शर्मा, रामकृष्ण गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## श्री जगन्नाथ मंदिर में भजनों की गूंज, श्रद्धालु हुए भावविभोर



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ जी मंदिर में रविवार को देवउठनी एकादशी व प्रदोष व्रत के अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। खाटूश्यामजी व जगन्नाथ जी के भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया कार्यक्रम का शुभारंभ रामबाबू छिपी व मीनू खुटेंटा ने गणेश आराधना से किया। 'छोटी-छोटी गईया', 'मेरा श्याम मुरारी', 'कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे इस दौरान महंत पूर्णदास, पं. मदनमोहन शास्त्री, पं. रोहित शर्मा, गायत्री देवी, शीला खुटेंटा, मीनू खुटेंटा, प्रियंका, मधु घीया, ईशा खुटेंटा, आशा बटवाड़ा, मीरा बटवाड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन, 85.48' रही उपस्थिति

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि परीक्षा में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के परीक्षा में सम्मिलित हो सकें एवं अपने भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा का आयोजन जिले के 8 केंद्र पर किया गया, जिसमें 2880 विद्यार्थियों में से 2462 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार परीक्षा में कुल 85.48' उपस्थिति रही। दोनों पारियों में कुल 418 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पुर्व में उन्होंने परीक्षा से जुड़ी समस्त व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को पेपर और ओएमआर शीट की सुरक्षा एवं गोपनीयता, कानून व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**रैणी(निसं.)** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप चिकित्सकों का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। बिना किसी योग्यता और पंजीकरण के ये कथित डॉक्टर गांवों में मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है जानकारी के अनुसार, कई गांवों में झोलाछाप चिकित्सक बिना किसी लाइसेंस के क्लिनिक चला रहे हैं। ये लोग न तो किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल संस्थान से शिक्षित हैं और न ही किसी चिकित्सकीय परिषद में पंजीकृत। इसके बावजूद ये खुलेआम दवाइयाँ लिखते हैं, इंजेक्शन लगाते हैं और गंभीर बीमारियों का इलाज करने का दावा करते हैं। ग्रामीणों की अनजानता और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का फायदा उठाते हुए ऐसे लोग अपनी दुकानें चला रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार स्वास्थ्य विभाग से कार्रवाई की मांग की, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विभाग की उदासीनता के चलते इन झोलाछापों के हौसले बुलंद हैं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि रैणी क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि लोगों की जान के साथ हो रहा यह खिलवाड़ रोका जा सके।

## 8 गाइड पहली बार जाएगी जंबूरी में जंबूरीकी तैयारियां जोर-सोर से

**सीकर** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी मैं भाग लेने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समर्थपुरा सीकर के आठ गाइड व एक गाइड कैप्टन पहली बार राष्ट्रीय स्तरीय जंबूरी में भाग लेंगे व स्थानीय संघ सीकर का प्रतिनिधित्व करेंगे । रा. उ. मा. वि. समर्थपुरा पिपराली रोड सीकर में 19 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की तैयारी परवान पर स्थानीय संघ सचिव देवीलाल जाट ने बताया की रा. उ. मा. वि. समर्थपुरा पिपराली रोड सीकर की गॉइड जम्बूरी की तैयारी गाइडर पुष्पा भाकर के नेतृत्व में और सस्था प्रधान श्रीमती इन्दिरा चौधरी के निर्देशन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे मार्चपास्ट , सिग्नेलिंग , हेंडीक्राफ्ट , नृत्य , वेस्ट से बेस्ट आइटम बनाना, शिविर कला, प्रदर्शनी ,स्किलोंरामा, आदि की तैयारी कर रही है।

## राजस्थान केसरी छगन मीना के सम्मान में निकाली तिरंगा रैली

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** जिले के खंडेला में रविवार को खंडेला मोड़ स्थिति जीणमाता मंदिर परिसर में मीना समाज के मातृ संगठन राजस्थान आदिवासी मीना सेवा संघ सीकर के जिलाध्यक्ष बाबूलाल कॉँवट की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सामाजिक आयोजन सम्पन्न हुआ । आयोजन में स्वतंत्रता सेनानी तथा मीना जाति के वर्तमान के शिल्पकार लक्ष्मीनारायण झरवाल की 112वीं जयंती सामाजिक चेतना के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई तथा ग्राम खटून्दरा निवासी राजस्थान पुलिस के जाबांज पहलवान छगन मीना को अमेरिका में वर्ल्ड पुलिस गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतने तथा राजस्थान केसरी उपाधि प्राप्त करके मीना समाज तथा देश को गर्वान्वित करने प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । खंडेला तहसील अध्यक्ष पवन मीना ने बताया कि गर्वान्वित आयोजन में संगठन के जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी तथा सभी तहसीलों के पदाधिकारी समाज के सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं तथा युवाओं के साथ शामिल हुए और छगन मीना के सम्मान में डीजे पर राष्ट्रभक्ति के गानो पर नाचते हुए दो किलोमीटर की तिरंगा रैली निकाली ।स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुई । इस दौरान लक्ष्मीनारायण झरवाल अमर रहें और जब तक सूरज चांद रहेगा-झरवाल साब का नाम रहेगा नारों से वातावरण गूंज उठा। खंडेला तहसील पूर्व मंत्री हर्षराम मीना ने समाज के लोकदेवता झरवाल के सम्मान में गायन के रूप से श्रदांजली अर्पित करके सभी को भावविभोर कर दिया । जिलाध्यक्ष बाबूलाल कॉँवट ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानी झरवाल को मीना जाति का गांधी बताते हुए उनके 103 वर्षीय संघर्षमय जीवन में अंग्रेजी शासन के जरायम पेशा काले कानून से मुक्ति, देश की आजादी, मीना जाति के आरक्षण आंदोलन, समाज सुधार एवं उत्थान में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यकारी जिलाध्यक्ष सज्जन मीना, जिला महामंत्री गोपालसिंह पबड़ी, उपाध्यक्ष मनसुख मीना, संगठन मंत्री महेश मीना निमेडा, युवा प्रकोष्ठ मंत्री विक्रम मीना, खंडेला तहसील अध्यक्ष पवन मीना, श्रीमाधोपुर अध्यक्ष अरुण मीना, लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष रोहिताश मीना, पाटन मंत्री रामावतार मीना, दांतारामगढ़ कोषाध्यक्ष सोहनलाल मीना ने सभा को सम्बोधित किया और झरवाल साहब की एक रहने की सीख को जीवन में आत्मसात करते हुए सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान किया । जिला संयुक्त महामंत्री जगदीश मीना ने मंच संचालन किया।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह में सादगी की मिसाल

## पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह व टीकाराम जूली बोले- ऐसे आयोजन आज की जरूरत

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भँवर जितेंद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सर्वजातीय एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आज के समय की बड़ी जरूरत है। ऐसे आयोजन समाज में दहेज-मुक्त परंपरा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं दोनों नेता सतीश भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट व श्री सार्वजनिक गौशाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर-वधुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर सादगी और समरसता का संदेश देते हैं वही सिंह और जुली ने इस अवसर पर मंदिर के दर्शन किए वही इस कार्यक्रम में अजय अग्रवाल, सतीश भाटिया, योगेश मिश्रा, गोपीचंद शर्मा, डॉ एस सी मित्तल, उमरदीन खान, हिम्मत सिंह चौधरी, विश्राम गुर्जर, सिद्धार्थ व्यास, राहुल पटेल, राकेश बैरवा दीनबंधु शर्मा, प्रदीप आर्य व अभय सैनी, अशोक खन्ना, जोगेंद्र कोचर, जमशेद खान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय कार्यक्रम



## विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो तुलसी में सभी रोगों को नष्ट करने की क्षमता है - आचार्य अवस्थी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मथुरा धीश मंदिर में कार्तिक मास कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आचार्य दीपक अवस्थी ने बताया की जो व्यक्ति जीवन में कार्तिक मास में तुलसी जी की सेवा करते हैं भगवान उनपर अत्यधिक कृपा करते हैं तुलसी का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है नित्य तुलसी के समीप बैठकर जो व्यक्ति भगवान के द्वादशाक्षर मंत्र का जाप करता हैं भगवान जीवन में एक बार उसे दर्शन जरूर देते हैं अगर विज्ञान की दृष्टि से देखा जाये तो तुलसी में सभी रोगों को नष्ट करने की क्षमता है नित्य तुलसी का सेवन करने वाले को जीवन में कभी कोई असाध्य रोग नहीं होता है तुलसी की महिमा बताते हुए कहा की जो व्यक्ति जीवन में एक बार भी अगर तुलसी की समिधा से विष्णुसहस्रनाम के द्वारा भगवान का यज्ञ करता है उसका जीवन मरण का चक्र भगवान समाप्त के देते हैं जलती चिता में तुलसी की एक काष्ठ दान करने से जीव की मुक्त हो जाता हैं इसी के साथ आरती कर कथा विश्राम किया।

वन विभाग की कार्रवाई

# अवैध खनन तथा वृक्ष कटाई में प्रयुक्त 10 वाहन किये जप्त

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)** उप वन संरक्षक अलवर के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल फौजदार के नेतृत्व में अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए राजगढ़ रेंज के अधीन नाका सदर व नाका डोरोली से अवैध खनन और वृक्ष कटाई के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को जप्त कर राजकीय तहसील में लिया गया एवं रेंज कार्यालय में खड़ा किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी राजगढ़ राहुल फौजदार ने बताया कि इससे पूर्व भी 2 ट्रैक्टर मय ट्राली को पत्थरों का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए जप्त किया जाकर रेंज कार्यालय राजगढ़ में खड़ा किया गया एवं हरे पेड़ों की कटाई कर अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन करते हुए एक टाटा 709 एवं एक पिकअप को जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि वन विभाग की टीम ने अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए 6 ट्रैक्टर ट्राली खनन सामग्री सहित पकड़ी है। कार्यवाही में क्षेत्रीय वन अधिकारी राहुल फौजदार, नाका प्रभारी सदर दिलीप सिंह, नाका प्रभारी कुण्डला जसवंत सिंह, गश्ती दल प्रभारी जगदीश प्रसाद मीना तथा नाका डोरोली के हरिश तिवाड़ी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ वन विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है तथा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# सत्संग भवन व सेवाश्रम का हुआ शिलान्यास

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निसं.)** तारानगर के निकटवर्ती गाँव पुनसीसर के वार्ड नं.9 में स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास बनने वाले स्वामी रामपुरी सत्संग भवन और स्वामी कानपुरी सेवाश्रम का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुआ है। लुकसा जोहड़ा से आए महंत स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज, करंट बालाजी लाडनू के स्वामी बजरंगपुरी महाराज, गुलर धाम के महंत स्वामी कानपुरी महाराज द्वारा पूजा पाठ के बाद आश्रमों की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर स्वामी केशवानंद महाराज ने कहा कि धार्मिक गतिविधियां संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए पुनसीसर गांव के ग्रामीणों के लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि यहां पर आश्रमों का निर्माण होने से धार्मिक कार्यक्रमों, अनुष्ठानों में वृद्धि होगी। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि धन की तीन गति होती है, दान, भोग और नाश। भामाशाह कुमाराम जांगिड़ ने आश्रम के लिए जमीन दान की है और दान धन की सर्वश्रेष्ठ गति होती है। उन्होंने कहा कि पुनसीसर के ग्रामीणों का धार्मिक भाव और सनातन संस्कृति की परम्परा अनुकरणीय है। पंडित उमाकान्त लाटा, अर्जुन पारीक, भंवरलाल पारीक ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन करवाया। इस अवसर पर भामाशाह इन्द्राज जांगिड़ ने निर्माण कार्य में 2 लाख 51 की सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की। शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में भादरराम जांगिड़, भीकाराम जांगिड़, बंशीधर बोहरा, देवीलाल जांगिड, अमरसिंह, धर्मपाल, सुभाष, महावीर प्रसाद पांडिया, दीपाराम पांडिया, शिवभगवान, प्रहलाद, सीताराम बोहरा, ब्रह्मानंद, रामकुमार, शंकरलाल सामरिया, बजरंगलाल बोदलिया, सोहनलाल पांडिया, ओंकारमल पांडिया, गजानंद धामू, शिवप्रकाश बोहरा, गोपाल प्रजापत, अशोक प्रजापत, राकेश जांगिड़, पवन पारीक, शंकरलाल सैन आदि ने सहयोग किया। शिलान्यास के बाद सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने बताया कि क्षेत्र के भक्तों के सहयोग से ही आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले 8 प्रहर का हरीनाम संकीर्तन भी आयोजित किया गया, जिसमें धर्मप्रेमी लोगों ने प्रभु नाम का स्मरण कर पुण्य लाभ कमाया।

## आज मिलेंगे विद्यार्थियों को स्कूल बैग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा स्व. कंचन देवी पत्नी स्व. धरमचंद राखेचा की स्मृति में संजय-सुमन, सुनील-सुनीता राखेचा के सौजन्य से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरीत किए जायेंगे। सोमवार 3 नवम्बर को वाल्मिकी बस्ती स्थित राजकीय भूरमल मिश्र बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय संख्या 6 में यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

## आज साढ़े तीन घंटे बिजली बंद

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सोमवार को सुबह सात बजे से लेकर साढ़े 10 बजे तक 33/11 उप चौकी गनोड़ा, गुलेरिया, छापर, रणधीसर, की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल ने बताया कि छापर रोड़ पर रेलवे ओवरब्रिज का काम चल रहा है, जिसको लेकर विद्युत आपूर्ति में बाधा होगी। छापर स्थित 33 केवी फीडर बंद रहने के कारण आपूर्ति बाधित होगी।

## सर्वाइकल कैंसर रोधी द्वितीय वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**सीकर।** माहेश्वरी युवा मंच एवं माहेश्वरी महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में माहेश्वरी समाज की 9 से 14 साल तक की उम्र की बालिकाओं के लिये सर्वाइकल कैंसर रोधी द्वितीय वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन स्व. मिश्रीलाल जी सोमानी की स्मृति में श्री गोपालजी गौरव जी सोमानी के सौजन्य से राठी अस्पताल में समाज अध्यक्ष पन्नालाल सारड़ा, महेश होलानी, महिला मंडल अध्यक्ष गरिमा सारडा, सचिव अलका बियानी, कोषाध्यक्ष अनीता सोढाणी, युवा मंच अध्यक्ष महेश काबरा, सचिव संजय सोढाणी, कोषाध्यक्ष यश बियाणी राठी हॉस्पिटल के निदेशक डा जी एल राठी, डा अंकुश राठी,डा. अनीता राठी, डॉ. जितेंद्र कचोलिया, डॉ. दिव्या कचोलिया, , बसंत साबू, ,अलोक बियानी, मारुति सोमानी, दिनेश बियाणी,शुभम आगीवाल, यश काबरा, विमलेश मालपानी, प्रशांत सोडाणी, राजेश जाखोटिया,उमेश काबरा, अशोक काबरा, निर्मल सोडाणी, आशीष बाहेती, महिला मंडल से अर्चना सोमानी,स्वाति बियानी,संगीता चांडक,प्रमिला तापड़िया, साधना चितलंगिया,शची साबू,सोनल सोडाणी सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कैम्प का शुभारंभ हुआ

## शास्त्री मंडावा तहसील अध्यक्ष व राहुल मिश्रा को मंडावा तहसील उपाध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स





**मण्डावा(निसं.)** सनातन सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा के निर्देशानुसार तथा सीकर संभाग प्रभारी मनोज सहल भारद्वाज की अनुशंसा पर, न्यास के प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति ने जुगल किशोर शास्त्री को मंडावा तहसील अध्यक्ष तथा राहुल मिश्रा को मंडावा तहसील उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। संगठन ने दोनों के सामाजिक योगदान और सेवा भावना को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शोक सभाओं में 3100 किये पेड़-पौधे भेंट

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' एवं भजनलाल शर्मा सरकार की हरयालो राजस्थान अभियान के तहत भाजपा नेता एवं समाजसेवी भंवरलाल जांगिड़ द्वारा माता-पिता के स्वर्गवास हो जाने पर पुत्र द्वारा उनके नाम एक पेड़ लगाकर श्रद्धांजली अर्पित करने तथा प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर उनके नाम पेड़ लगाने की मुहिम में अब तक शोक सभाओं में 3100 पेड़ पौधे भेंट किए गए हैं हरित श्रद्धांजलि अभियान जिले की 382 ग्राम पंचायतो में पिछले 1 साल से अधिक लगातार जारी है जागिङदुखद घड़ी में परिवार तक पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हैं अपने जन्मदिन व माता-पिता के नाम प्रतिवर्ष एक पेड़ लगाकर पेड़-पौधो की देखभाल करने के लिए परिवारजनों को शपथ दिलाते है प्ररित करते है जांगिड़ ने बताया अपने माता पिता के नाम पर एक पेड़ लगाएं जिससे उनके प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी दोनों प्रकट होंती है । यह अभियान व्यक्तिगत भावनाओं को समाजिक कार्य से जोड़ता है, जिससे ज्यादा लोग इसमें भाग लेने को प्रेरित होते हैं। अभियान में आज कुड.ली, सिहासन, गुंगारा, सांगरवा, बाजौर, पिपराली दासा की ढाणी सहित अनेक ग्राम पंचायतो में पेड. भेंट किए गए इस दौरान ग्रामवासी एवं श्री मानव सेवा संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ईश्वर सिंह राठौड़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत

**सीकर(निसं.)।** स्थानीय महावीर पुस्तकालय पंजीकृत के अध्यक्ष डॉ वी के जैन ने पूर्व अतिरिक्त जिला- कलेक्टर एवं सीकर विकास मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राठौड़ को महावीर पुस्तकालय की कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। स्मरणीय है कि दो दशक से अधिक समय तक एवं लॉकडाउन में महावीर पुस्तकालय किन्ही कारणों से बंद था। जिसको पुनर्जीवित कर नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष डा. वी. के. जैन को बनाया गया।राठौड़ छात्र जीवन से ही विभिन्न सामाजिक,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका में रहे। तत्पश्चात राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतन श्रंखला के उप महा निरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक से सेवानिवृत हुए हैं। राठौड़ के मनोनयन पर पूर्व आइ. ए. एस.पुरुषोत्तम बियानी,पुस्तकालय कार्य समिति के सचिव पशुपति कुमार शर्मा, महावीर पुरोहित दिनेश बियानी, रमेश कुमार बिदावतका, महेश शर्मा,जानकी प्रसाद इंदौरिया, सीकर व्यापार संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह शेखावत, पूर्व अधिशासी अभियंता विनोद दाधीच, प्रसिद्ध मंच संचालक राजेंद्र मधुकर,पूर्व शिक्षा अधिकारी राकेश लाटा, सहित सीकर के प्रबुद्ध जनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अमायरा आत्महत्या प्रकरण : शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बालिका के परिजनों से मिले, परिजनों में आक्रोश

## अमायरा के परिजनों ने स्कूल प्रशासन पर लापरवाही का लगाया आरोप पुलिस में मामला दर्ज, ननिहाल में हुआ अमायरा का दाह संस्कार

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की विख्यात नीरजा मोदी स्कूल की पांचवी मंजिल से कूद कर जान देने वाली अमायरा का रविवार को उसके ननिहाल में दाह संस्कार किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे बालिका अमायरा के माता-पिता की हालत काफी खराब है बोलने की स्थिति में भी नहीं है बहुत कम बोलते हैं दोनों अंदर तक कही टूट चुके हैं इसीलिए रविवार को सवाई मानसिक अस्पताल में मेडिकल बोर्ड की ओर से अमायरा का पोस्टमार्टम करने के बाद उसकी बॉडी को उसके नलिहाल पक्ष के लोग दाह संस्कार के लिए मुरलीपुरा लेकर आ गए जहां पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी के बीच बालिका का दाह संस्कार किया गया । दाह संस्कार में शामिल होने वाले लोगों का भी यही कहना था कि कहीं ना कहीं स्कूल प्रशासन की ओर से इस मामले में घोर लापरवाही है जिसकी वजह से एक होनहार बालिका को अपनी जान देनी पड़ी अगर समय रहते बालिका की शारीरिक और मानसिक स्थिति को ठीक तरह से संभाल लिया जाता और बालिका को विश्वास में लिया जाता तो बालिका निश्चित रूप से इस तरह से अपनी जान नहीं देती लेकिन कहीं ना कहीं बालिका की आंतरिक स्थिति को ना तो स्कूल प्रशासन समझ पाया और ना ही पेरेंट्स जिसकी वजह से उसने मौत को गले लगाना उचित समझा इधर प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को अमायरा के दादा के घर पर पहुंचे और वहां परिजनों को सांत्वना दी और कहा कि इस मामले में सरकार ने पांच सदस्यों की कमेटी का गठन किया है जो मामले को पूरी ईमानदारी के साथ जांच करेगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी हालांकि शनिवार को ही मदन दिलावर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मौके पर पहुंचकर इस मामले की जांच करने को कहा था दिलावर के आदेश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल में पहुंच भी गए थे लेकिन काफी देर तक वह स्कूल में इधर-उधर घूमते रहे लेकिन स्कूल प्रशासन से जुड़े लोग उन्हें नजर नहीं आए और वह स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों शिक्षकों को इधर-उधर तलाश करते रहे इसकी वजह से उनकी जांच आगे नहीं बढ़ पाई रविवार दोपहर तक भी इस पूरे मामले में नीरजा मोदी स्कूल प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई जबकि घटना के बाद से ही न्यूज़ चैनल और अखबारों में क्राइम सीन को मिटा देने का आप स्कूल प्रशासन पर लगाने संबंधी खबर लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है लेकिन इस मामले में स्कूल प्रशासन पूरी तरह से मौन है पुलिस ने इस मामले में स्कूल के सभी सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया है घटना के समय स्कूल में स्कूल प्रशासन से जुड़े सभी लोगों की लिस्ट ली गई है सभी के बयान दिए जाने का प्रयास किया जा रहे हैं इसके अलावा बालिका अमायरा की क्लास के बच्चों और जिस समय बालिका ने स्कूल की बिल्डिंग से कूद कर जान दी उस समय उसकी क्लास में किस सब्जेक्ट का पीरियड था किस टीचर की ड्यूटी लगी हुई थी उसके बारे में भी जानकारी ली गई है तथा अमायरा के साथ पढ़ने वाले बच्चों से भी अमायरा के बारे में पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि अमायरा को किसी ने डांट फटकार लगाई या फिर होमवर्क नहीं करने या फिर किसी अन्य वजह से वह परेशान थी इसके अलावा अमायरा के माता-पिता से भी पुलिस इस मामले में आने वाले दिनों में पूछताछ कर सकती है फिलहाल पुलिस की जांच जारी है बहुत सवाल हैं जिनके पुलिस जवाब ढूंढने का प्रयास कर रही है इस पूरे मामले में स्कूल प्रिंसिपल और स्कूल प्रशासन से जुड़े सभी बड़े लोगों के भी बयान लिए जाएंगे ।

## खत्म हो सकती है स्लीपर बसों की हड़ताल, उप मुख्यमंत्री बैरवा से मुलाकात करेंगे बस संचालक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले दो दिन से जारी स्लीपर बसों की हड़ताल के समाप्त होने की संभावना है हड़ताल बस ऑपरेटर उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा के आवास पर मुलाकात करेंगे मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की प्रबल संभावना है क्योंकि रविवार को अजमेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भी डॉक्टर बैरवा ने कहा था कि सरकार भी चाहती है कि हड़ताल नहीं हो लेकिन उन्होंने यह भी कहा था कि परिवहन विभाग के नियम के अनुसार बस का संचालन भी जरूरी है राजस्थान सरकार भी यह जानती है कि यात्रियों की तुलना में राजस्थान रोडवेज के पास पर्याप्त बस नहीं है इसलिए हड़ताल से यात्रियों को तो परेशानी हो रही है इसके अलावा हड़ताल से देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी कमी आ सकती है जिसकी वजह से प्रदेश के व्यापार क्षेत्र को भी नुकसान हो सकता है और व्यापार क्षेत्र को नुकसान होगा तो राजस्थान सरकार को भी राजस्व में नुकसान उठाना पड़ सकता है अगर यह हड़ताल लंबी चलती है तो कई तरह की चुनौतियां और परेशानियां सरकार के समक्ष खड़ी हो सकती हैं इसलिए कहीं ना कहीं सरकार भी इस हड़ताल को ज्यादा लंबे समय तक खींचना नहीं चाहती तो दूसरी तरफ बस ऑपरेटर भी हड़ताल को खत्म करना चाहते हैं लेकिन उन्हें परिवहन विभाग की कठोर कार्रवाई से परेशानी हो रही है अब देखने वाली बात यह है कि एक तरफ जहां सरकार बस ऑपरेटर को परिवहन विभाग के नियमों के अनुसार बस का संचालन करने की बात कह रही है सरकार का यह कहना बिल्कुल सत्य भी है क्योंकि परिवहन विभाग की ओर से निर्धारित किए गए नियमों की पालना होना बहुत जरूरी है अगर नियमों की पालना नहीं होती है तो फिर यात्रियों की जिंदगी भी खतरे में पड़ जाती है जैसा कि पिछले दिनों दो बड़े बस हादसे हुए इसलिए अब देखने वाली बात यह है कि आज होने वाली बातचीत में दोनों पक्षों के बीच किस तरह से और कैसे समझौता होता है और अगर समझौता नहीं होता है तो फिर निश्चित रूप से 4 नवंबर से करीब 30000 स्टेट कैरिज बस भी हड़ताल में शामिल होजाएगी जिसकी वजह से प्रदेश की परिवहन व्यवस्था और बिगड़ जाएगी।

## पिंक सिटी में चाइनीस मांझा से बाइक सवार युवक की गर्दन कटी, सेठी तिराहे पर हुआहादसा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर की पतंग बाजी पूरे विश्व में प्रसिद्ध है मकर संक्रांति का पर्व अभी काफी दूर है लेकिन जयपुर के आसमान में पतंग नजर आने लगी है तो दूसरी तरफ पतंग उड़ाने के दौरान दर्दनाक घटनाएं भी होना शुरू हो गई है जिसका ताजा उदाहरण राजधानी जयपुर में ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में सेठी तिराहे पर देखने को मिला जहां बाइक सवार युवक के गले में चाइनीस मांझा फस गया जिसकी वजह से उसकी गर्दन बुरी तरह से कट गई युवक को गंभीर अवस्था में सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया है युवक का नाम रिंकू शर्मा है जो पाटलावास आंधी का रहने वाला है जानकारी के अनुसार घायल युवक रिंकू शर्मा अपने साल के साथ बाइक पर सवार होकर सांगानेरी गेट से ट्रांसपोर्ट नगर की ओर जा रहा था तभी सेठी तिराहे पर चलती हुई बाइक पर रिंकू के गले में चाइनीस मांझा के डोर फस गई जिसकी वजह से उसकी गर्दन कट गई और काफी मात्रा में खून बहने लगा हादसे के बाद घायल रिंकू को अस्पताल में एडमिट करवाया गया है बड़ी बात यह है कि जिला प्रशासन की ओर से चाइनीस मांझा पर प्रतिबंध है लेकिन प्रतिबंध के बावजूद भी जिस तरह से जयपुर के बाजारों में इस मांझे की बिक्री हो रही है यह कहीं ना कहीं जिला प्रशासन और पुलिस की लापरवाही को साफ उजागर करती है आने वाले दिनों में इस तरह की और भी घटनाएं घटित हो सकती है क्योंकि इस तरह की घटनाएं जयपुर में अक्सर होती हैं इसलिए समय रहते जिला प्रशासन को चाइनीस मांझा की बिक्री को रोकने के लिए कठोरता से प्रयास करने होंगे और बाजारों में पतंग विक्रेताओं के यहां छापामार कार्रवाई को अंजाम देना होगा अन्यथा जैसे-जैसे मकर संक्रांति का पर्व अब नजदीक आएगा वैसे-वैसे जयपुर में पतंग बाजी का जुनून भी देखने को मिलेगा इसलिए इस मामले में पुलिस और प्रशासन को तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है।

## यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा, नियमों का पालन करें: बैरवा


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को अजमेर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश में स्लीपर बसों की हड़ताल के सवाल पर कहा कि प्रदेश सरकार भी चाहती है कि बस की हड़ताल नहीं हो लेकिन सरकार यह भी चाहती है कि निजी बस ऑपरेटर परिवहन विभाग के द्वारा बनाए गए नियमों की पालना करें और नियमों के अनुसार ही बस का संचालन करें क्योंकि यात्रियों की सुरक्षा के साथ सरकार किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने देगी । उन्होंने कहा कि निजी बस ऑपरेटरों को यात्रियों की सुविधा के बारे में और उनकी जिंदगी की सलामती के बारे में भी गंभीरता से मनन करना चाहिए निजी बस ऑपरेटरों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वह भविष्य में परिवहन विभाग की ओर से निर्धारित किए गए नियमों की पालन करते हुए ही बस का संचालन करेगा उन्होंने कहा कि सरकार खुद निजी बस ऑपरेटर का सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन इसके लिए उन्हें सबसे पहले परिवहन विभाग के नियमों की पालना के लिए खुद को संकल्पित रहना होगा उन्होंने कहा कि प्रदेश में जो दर्दनाक बस हादसे हुए हैं इस तरह की घटनाएं दोबारा से ना हो इसलिए परिवहन विभाग कार्रवाई कर रहा है निजी बस ऑपरेटरों को भी इस कार्रवाई में परिवहन विभाग का साथ देना चाहिए क्योंकि यात्री काफी भरोसा करके उनकी बस में सफर करते हैं लेकिन जब इस तरह के भीषण दुर्घटनाएं होती है और यात्रियों की जान जाती है तो उसका दर्द जीवन भर कष्ट पहुंचता रहता है यादें दिल से जाती नहीं है इसलिए निजी बस ऑपरेटरों को परिवहन विभाग की कार्रवाई में साथ देना चाहिए और नियमों की पालना करते हुए न केवल बस की बॉडी बनवाएं बल्कि सड़क पर भी नियम और कायदों के अनुसार ही बस का संचालन करें एक अन्य सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री बैरवा ने कहा कि बिहार में एनडीए विजन के साथ चुनाव लड़ रहा है बिहार में नीतीश कुमार की एनडीए सरकार ने काफी अच्छा कार्य किया है बिहार में बरसों पुराने जंगल राज को एनडीए सरकार ने समाप्त किया और विकास की ओर बिहार को तेजी से आगे बढ़ाया इसलिए बिहार की जनता एनडीए के समर्थन में भारी बहुमत से फिर से सरकार बनाने का मौका देगी एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित है भाजपा प्रत्याशी यहां आसानी से जीत हासिल करेगा क्योंकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 22 महीना में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किया है बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं बड़े-बड़े जनकल्याणकारी कार्य शुरू किए हैं पानी, बिजली, सड़क, उद्योग, रोजगार, सुरक्षा, किसान, गरीब ,मजदूर हर क्षेत्र की भलाई और विकास के लिए सरकार ने काफी कार्य किया है इसलिए अंता विधानसभा सीट पर लोग भारी बहुमत से भाजपा प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करेंगे ।

## जूली ने मांगा सरकार से जवाब, कहा- मंगला पशु बीमा योजना केवल कागजों तक सीमित क्यों?

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पशुपालकों को मुफ्त पशुधन बीमा का वादा तो किया था लेकिन दो वर्षों में उस पर कोई ठोस कार्य नहीं किया है। यह वादा अब केवल घोषणाओं तक सीमित रह गया है। जूली ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय कामधेनु पशु बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, केवल सर्वे का कार्य शेष था लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने उस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। लगभग एक वर्ष तक कोई नई पशु बीमा योजना शुरू नहीं की गई, जिससे लाखों पशुपालकों को नुकसान झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि 2024-25 की बजट घोषणा को अत्यंत धीमी गति से लागू किया गया और अब 2025-26 में केवल सीमा बढ़ाने की घोषणा करके जनता को भ्रमित किया जा रहा है। हमारी सरकार के समय लगभग 80 लाख पशुओं का बीमा पंजीकरण किया गया था जबकि भाजपा शासन में यह संख्या घटकर मात्र 20 लाख रह गई है। नेता प्रतिपक्ष ने अखबारों में इस विषय पर छापे गए आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब तक लगभग 9000 पशु बीमा दावे पेश हुए हैं, जिनमें से केवल 700 दावे ही स्वीकृत किए गए हैं यानी 10 फ़ीसदी से भी कम। यह भाजपा के वादों और उनके अमल के बीच की दूरी को स्पष्ट दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह सब भाजपा सरकार की किसानों और पशुपालकों के प्रतिअसंवेदनशील मानसिकता को उजागर करता है। राजस्थान देश का दूसरा सबसे अधिक पशुधन वाला राज्य है, परंतु भाजपा ने इस वर्ग को केवल वोट बैंक के रूप में देखा। वादे तो कर दिए, लेकिन उन वादों में अब जान नहीं बची है। टीकाराम जूली ने मांग की कि राज्य सरकार शीघ्र प्रभाव से व्यापक पशुधन बीमा योजना लागू करे और प्रदेश के पशुपालकों के नुकसान की भरपाई करे। यह उल्लेखनीय है कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए वादों और उनकी हकीकत से लगातार आमजन को रूबरू करवा रहे हैं एवं भाजपा शासन की पोल खोल रहे हैं।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशभर में आयोजित होंगे कार्यक्रम : भूपेंद्र सैनी

### 50 हजार आमजन एक साथ गाएंगे वंदे मातरम




**जयपुर(कासं.)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में देशभर में भव्य उत्सवों के आयोजन की घोषणा की है। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की ऐतिहासिक भूमिका को ध्यान में रखते हुए देश एवं प्रदेश स्तर पर व्यापक जनभागीदारी वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश स्तरीय एवं संभाग स्तरीय टोलियों का गठन किया है। भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी को वंदे मातरम् 150वां वर्ष कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री प्रेम सिंह बनवासा एवं प्रीति शर्मा को प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सैनी ने बताया कि संभाग स्तरीय टोली में जयपुर संभाग रघुनाथ नरेडी, भरतपुर संभाग भानू प्रताप सिंह, जोधपुर संभाग महेंद्र बोहरा, अजमेर संभाग अजीत मेहता, बीकानेर संभाग महावीर रांका और उदयपुर संभाग में कमलेश पुरोहित को संयोजक बनाया है। प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी ने बताया कि राज्यभर में देशभक्ति, स्वदेशी भावना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संगठन और सरकारी स्तर पर वृहद आयोजन किए जाएंगे। 7 नवंबर को एस.एम.एस. स्टेडियम, जयपुर में भव्य प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें लगभग 50,000 से अधिक आमजन एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश स्तरीय टोली ने प्रदेश संयोजक भूपेंद्र सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट की और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आवश्यक सहयोग का आश्वासन देते हुए कार्यक्रम को जनभागीदारी से जोड़ने का आह्वान किया। सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को एक बैठक आयोजित की गई, इसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और सभी स्तरों पर समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की गई। अभियान के तहत संभाग, जिला, नगरीय निकाय, पंचायत राज संस्थान, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल एवं पुलिस थानों सहित राज्यभर में कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं संगठन स्तर पर 150 स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। सांसदों की उपस्थिति में प्रत्येक जिले के एक कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त वंदे मातरम् आधारित प्रदर्शनी, सोशल मीडिया जनजागरण अभियान एवं राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी।

## भक्तों ने मण्डावा श्याम मंदिर में मनाया जन्मोत्सवः फूलों से सजाया दरबार, देर तक चली भजन संध्या

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)** श्रीमती नानीबाई जैपुरिया गर्ल्स स्कूल के सामने स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में देवउठनी एकादशी पर श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सैकडो की संख्या में भक्तों ने मन्दिर पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में शीश नवाया। पुजारी गोविन्द शर्मा ने बताया कि हर वर्ष यहां सैकड़ों श्रद्धालु जन्मोत्सव मनाने आते हैं। मंदिर कमेटी ने सुबह बाबा के दरबार को कोलकाता के फूलों से सजाया। पंडितों के सान्निध्य में पंचामृत और इत्र स्नान के बाद बाबा के दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्रद्धालु विभिन्न प्रकार की मिठाइयों से बने केक लेकर मंदिर पहुंचे। भक्तों ने केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और श्याम के जयकारे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत गोविन्द शर्मा ने गणेश वंदना से की। भजन गायक कलाकार नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने अपनी हाजिरी लगाई। भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान रिंकू देवड़ा, सविता शर्मा, बनवारी लाल गाड़ोदिया, रामबिहारी पाराशर , अजय पाराशर , नितिन शर्मा , दीपक खंडल , नरोतम , मनीषा , कुणाल गाड़ोदिया, राजकुमार सिंघानिया , चंपालाल मारोठिया , रमेश शर्मा , श्याम सुन्दर केडिया सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे । अन्त में प्रसाद वितरण किया गया।

# अंता में भाजपा को वसुंधरा राजे का इंतजार, मदन राठौड़ और दुष्यंत सिंह ने डेरा डाला

## उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा का तूफानी प्रचार प्रसार, जातिगत समीकरण साधने में जुटी भाजपा

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** 11 नवंबर को अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ स्थानीय, सांसद दुष्यंत सिंह और उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने एक तरह से अंता में डेरा डाल दिया है मदन राठौड़ पिछले दो दिनों से अंता विधानसभा सीट पर जोरदार तरीके से चुनाव प्रचार कर रहे हैं एक तरफ लगातार क्षेत्र में लोगों से संपर्क करके भजनलाल सरकार के कामों का जिक्र करके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए गए उल्लेखनीय कार्यों का हवाला देकर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के लिए वोट मांग रहे हैं तो दूसरी तरफ चुनाव प्रचार के दौरान मदन राठौड़ यह भी कह देते हैं कि हो सकता है राज्य मंत्रिमंडल का जब विस्तार हो तो यहां के विधायक को भी मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया जाए उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा पिछले कुछ दिनों से अंता विधानसभा सीट में अनुसूचित जाति बहुल इलाकों में जोरदार तरीके से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव प्रचार कर रहे हैं इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति मतदाताओं की संख्या करीब 40000 के आसपास है इसलिए भाजपा के रणनीतिकारों ने डॉक्टर बैरवा को यहां चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेवारी दी हुई है यही वजह है कि बेरवा कुछ दिनों से यहां डेरा डाले हुए हैं और बकायदा अपना रोजाना कार्यक्रम तैयार करके चुनाव प्रचार के लिए सुबह से लेकर देर रात तक फील्ड में नजर आ रहे हैं स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह भी भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के नामांकन भरने के दिन से ही सुमन के साथ प्रचार प्रचार में पूरी ताकत झोंके हुए हैं क्योंकि वसुंधरा राजे की सहमति पर ही है इसलिए दुष्यंत सिंह रोजाना बाकायदा चुनाव प्रचार के लिए अपना कार्यक्रम तैयार करते हैं और फिर इस कार्यक्रम के आधार पर चुनाव प्रचार करते हुए नजर आ रहे हैं बड़ी बात यह है कि भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य यहां चुनाव प्रचार के लिए आ चुके हैं भारतीय जनता पार्टी ने अलग-अलग जाति के अलग-अलग बड़े नेताओं को यहां जातिगत आधार पर चुनाव प्रचार के लिए नियुक्त किया है ताकि जातिगत आधार पर मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा भाजपा प्रत्याशी को वोट देने के लिए आकर्षित किया जा सके उधर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के प्रचार प्रचार में अशोक चांदना अपने स्तर पर हर तरह से प्रचार को गति देने में जुटे हुए हैं प्रमोद जैन भाया और उनकी पत्नी भी लगातार इलाके में चुनाव प्रचार कर रही हैं प्रमोद जैन भाया अपने सामाजिक कार्यों गौशालाओं के विकास और अपने कार्यकाल में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य के आधार पर लोगों से वोट मांग रहे हैं लेकिन अभी तक यहां कांग्रेस पार्टी का और कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार के लिए नहीं आया है अशोक गहलोत ओर सचिन पायलट जैसे बड़े नेता बिहार चुनाव में व्यस्त हैं लेकिन राजस्थान कांग्रेस के और भी बड़े नेता हैं जिनका अपना प्रभाव है उन नेताओं का भी यहां अभी तक चुनाव प्रचार में नहीं आना कांग्रेस जनों में ही चर्चा का विषय बना हुआ है । स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर वसुंधरा राजे यहां पर चुनाव प्रचार के लिए आती हैं तो भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार को और गति मिलेगी क्योंकि इलाके में वसुंधरा राजे की बहुत अच्छी पकड़ है और स्थानीय लोगों में वसुंधरा राजे लोकप्रिय भी है इसलिए उनके चुनाव प्रचार में उतरने से यहां भाजपा प्रत्याशी का अच्छा माहौल बन सकता है अब लोगों को यहां वसुंधरा राजे के चुनाव प्रचार में उतरने का इंतजार है ।

# असमानता की जड़ें



**रपट के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटेन भी समानता वाले देशों में अग्रणी हैं, जहां कुल संपत्ति पर क्रमशः बत्तीस प्रतिशत और पैंतीस प्रतिशत पर धनकुबेरों का कब्जा है। इधर, रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों की कुल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) की बीस प्रतिशत राशि केवल सौ बड़े कर्जदारों ने पचा रखी है। कहा जा रहा है कि अगर ये सौ कर्जदार बैंकों की बकाया राशि लौटा दें तो बैंकों की वित्तीय स्थिति सुधर जाएगी। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार बैंकों के कुल कर्ज में बड़े कर्जदारों की हिस्सेदारी सितंबर, 2015 से 56.8 प्रतिशत से बढ़ कर मार्च, 2016 में अट्ठावन प्रतिशत हुई, लेकिन बैंकों के सकल एनपीए में इनकी हिस्सेदारी इसी अवधि में 83.4 से बढ़ कर 86.4 प्रतिशत हो गई। गौरतलब है कि बड़ा कर्जदार उसे कहा जाता है, जिस पर बैंकों की पांच करोड़ से अधिक राशि बकाया हो। रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार सितंबर, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान बड़े**

डो सरकार चाहती है कि देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो, लेकिन वह बैंकों की सेहत सुधारने की दिशा में ठोस पहल नहीं कर रही है। मजबूत अर्थव्यवस्था की रीढ़ बैंकिंग क्षेत्र को माना गया है। अर्थव्यवस्था को बैंकों की मदद से ही संतुलित रखा जा सकता है। बैंकों की सकारात्मक भूमिका के बिना वित्तमंत्री देश के विकास के सपने

को साकार नहीं कर सकते हैं। संपत्ति शोध कंपनी 'न्यू वर्ल्ड वेल्थ' की हालिया रपट में कहा गया है कि दुनिया में रूस के बाद भारत संपत्ति वितरण के मामले में दूसरा सबसे ज्यादा असमानता वाला देश है। भारत में आधे से अधिक संपत्ति ऐसे धनवानों के हाथों में है, जिनकी हैसियत दस लाख डॉलर (लगभग 6.7 करोड़ रुपए) से अधिक है। यहां चौवन प्रतिशत संपत्ति गिने-चुने धनवानों के हाथों में है। मौजूदा समय में भारत दुनिया के दस सबसे अमीर देशों में शामिल है, जहां कुल संपत्ति 5,600 अरब डॉलर है। यह विडंबना ही है कि इसके बावजूद अधिकांश भारतीय कुपोषण, बेरोजगारी, अशिक्षा, बिजली, पानी, भोजन, स्वास्थ आदि समस्याओं से जूझ रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को दो वक्त की रोटी नसीब नहीं हो पा रही है। संपत्ति वितरण के संदर्भ में रूस दुनिया का सबसे ज्यादा असमान देश है, जहां कुल संपत्ति के बासठ प्रतिशत पर कब्जा गिने-चुने धनकुबेरों का है, जबकि जापान दुनिया का सबसे समानता वाला देश है, जहां धनाढ्यों के हाथ में कुल संपत्ति का केवल बाईस प्रतिशत हिस्सा है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया की कुल संपत्ति में केवल अट्ठाईस प्रतिशत पर धनवानों का आधिपत्य है। रपट के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटेन भी समानता वाले देशों में अग्रणी हैं, जहां कुल संपत्ति पर क्रमशः बत्तीस प्रतिशत और पैंतीस प्रतिशत पर धनकुबेरों का कब्जा है। इधर, रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों की कुल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) की बीस प्रतिशत राशि केवल सौ बड़े कर्जदारों ने पचा रखी है। कहा जा रहा है कि अगर ये सौ कर्जदार बैंकों की बकाया राशि लौटा दें तो बैंकों की वित्तीय स्थिति सुधर जाएगी। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार बैंकों के कुल कर्ज में बड़े कर्जदारों की हिस्सेदारी सितंबर, 2015 के 56.8 प्रतिशत से बढ़ कर मार्च, 2016 में अट्ठावन प्रतिशत हुई, लेकिन बैंकों के सकल एनपीए में इनकी हिस्सेदारी इसी अवधि में 83.4 से बढ़ कर 86.4 प्रतिशत हो गई। गौरतलब है कि बड़ा कर्जदार उसे कहा जाता है, जिस पर बैंकों की पांच करोड़ से अधिक राशि बकाया हो। रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार सितंबर, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान बड़े कर्जदारों का सकल एनपीए अनुपात सात से बढ़ कर 10.6 प्रतिशत हो गया है, जबकि मार्च, 2015 में सभी बैंकों के सकल एनपीए अनुपात में सौ बड़े कर्जदारों की हिस्सेदारी महज 0.7 प्रतिशत थी। इस तरह देखा जाए तो बड़े कर्जदारों के मामले में एनपीए में इजाफा सभी बैंकों में तेजी से हुआ है, लेकिन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संदर्भ में यह वृद्धि ज्यादा तेज हुई है। मार्च, 2016 तक सौ बड़े कर्जदारों को कर्ज दी गई राशि का 27.9 प्रतिशत और सभी अधिसूचित व्यावसायिक बैंकों (एससीबी) के कुल कर्ज का 16.2 प्रतिशत सौ बड़े कर्जदारों पर बकाया है। भले ही भारत दुनिया के दस सबसे अमीर देशों में शामिल है, लेकिन प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की मानें तो देश के कुछ राज्य मसलन बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि कुपोषण की समस्या से बुरी तरह त्रस्त हैं। गरीबी की वजह से इन राज्यों में कुपोषण के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में छह करोड़ से भी अधिक बच्चे कुपोषण से ग्रसित हैं। कुपोषण की जद में आने के बाद बच्चों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता या उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है और बच्चा खसरा, निमोनिया, पीलिया, मलेरिया आदि बीमारियों की गिरफ्त में आकर दम तोड़ देता है। बच्चे मरते हैं कुपोषण से, लेकिन लोगों को लगता है कि उनकी मौत बीमारियों के कारण हो रही है। मौजूदा समय में कुपोषित देशों के बीच भारत की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। आमतौर पर हमारे देश में यह तर्क दिया जाता है कि कुपोषण की समस्या का मूल कारण आबादी है, पर इसके बरक्स चीन से तुलना करने पर हमारा यह दावा खोखला और बेमानी लगता है। चीन की जनसंख्या हमारे देश से अधिक है। फिर भी वहां कुपोषित बच्चों की संख्या हमारे देश से छह गुना कम है। ग्रामीण भारत में लगभग 83.3 करोड़ लोग रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के रूप में कृषि को छोड़ कर कोई दूसरा विकल्प उपलब्ध नहीं है। कुटीर उद्योग के अभाव में लोगों की निर्भरता सिर्फ कृषि पर है, जिसके कारण कृषि क्षेत्र में छद्म रोजगार की स्थिति लगातार बनी हुई है। एक आदमी के काम को अनेक लोग मिल कर कर रहे हैं। खेती-किसानी में दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना आज मुश्किल हो गया है। खेती-किसानी के दौरान रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने लिए किसानों को वित्तीय मदद की जरुरत होती है, जिसकी पूर्ति के लिए किसानों को अक्सर महाजन की शरण में जाना पड़ता है। रोजगार के अभाव में युवा दिग्भ्रमित होकर गलत रास्ता अख्तियार करते हैं या फिर कर्ज और भुखमरी की वजह से आत्महत्या करते हैं।

## सम्पादकीय

## साफ सड़कें चाहिए, पर हाथ गंदे नहीं करना- जब तक हम सुधरेंगे नहीं




यह नागरिक चेतना के अभाव का ही उदाहरण है कि देश के कई राज्यों में सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता की नियमावली बनानी पड़ती है। थूकने और गंदगी फैलाने पर नगर निकायों को जुर्माना लगाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। किसी भी समाज में यह एक अलिखित शिष्टाचार है कि नागरिक सामाजिक दायित्व का पालन करें। मगर यह निराशाजनक ही है कि अधिकतर लोग स्वच्छता के प्रति लापरवाह दिखाई देते हैं। लिहाजा, उन्हें सचेत करने के लिए जुर्माना लगाना पड़ता है। यह स्थिति तब है जबकि पिछले कई वर्षों से देश में लगातार स्वच्छता अभियान चलाए जाते रहे हैं। इस बार संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नगर निगम ने अपने सीमा क्षेत्र में गंदगी फैलाने, कूड़ा फेंकने और पान-गुटका खाकर थूकने पर जुर्माना लगाने की घोषणा की है। सवाल है कि बार-बार इस तरह के कदम उठाने की जरूरत क्यों पड़ती है। क्या देश और समाज के प्रति नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं है? लोगों में सामुदायिक भावना का अभाव किसी भी समाज की एक निराशाजनक तस्वीर है। यही कारण है कि अक्सर लोग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते, बल्कि सड़कों पर गंदगी फैलाते भी दिख जाते हैं। ऐसे लोग व्यक्तिगत सुविधा की तो चिंता करते हैं, लेकिन सामाजिक दायित्व भूल जाते हैं। हालांकि साफ-सफाई के लिए जुर्माना वसूलने से पहले नगर निकायों को भी यह देखना चाहिए कि उन्होंने नागरिकों को कितनी और कैसी सुविधाएं दी हैं? अधिकतर बस्तियों और मोहल्लों में कूड़ा उठाने वाले वाहन समय पर नहीं आते। जरूरी जगहों पर जन सुविधा परिसरों का अभाव होता है या उनमें स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता। लंबी दूरी की सड़कों के किनारे कई पेट्रोल पंपों पर बने शौचालय या तो साफ नहीं होते या फिर उसका उपयोग आम लोगों को नहीं करने दिया जाता। इससे जरूरतमंद पुरुषों और महिलाओं को खासी दिक्कत होती है। अगर देश में स्वच्छता को लेकर चेतना की कमी है, तो इसके लिए समाज और शासन दोनों जिम्मेदार हैं। हम आज तक ऐसा समाज नहीं तैयार कर पाए, जिसमें हर नागरिक में उत्तरदायित्व का बोध हो और वह अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाता दिखे।

## पुलिस बल की अबलाएं



पुलिस की भर्ती में शारीरिक सौष्ठव और दम-खम एक अनिवार्य कसौटी रहती है। भर्ती के बाद प्रशिक्षण में शारीरिक चुस्ती, अपराधी की पहचान और उसकी धर-पकड़ आदि के कौशल सिखाए जाते हैं। पर इसी के साथ-साथ पुलिस के प्रशिक्षण में सामाजिक आयाम, खासकर जेंडर संवेदनशीलता को भी शामिल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ की चांदखुरी पुलिस एकेडमी, जो राजधानी रायपुर से मुश्किल से पच्चीस किलोमीटर दूर स्थित है, पिछले दिनों गलत कारणों से सुर्खियों में रही, जब तक वहां के इंचार्ज पुलिस अधिकारी के नारीद्रोही आचरण का खुलासा नहीं हुआ। मालूम हो कि डीएसपी रैंक का उपरोक्त अफसर वहां प्रशिक्षण हासिल कर रही बत्तीस महिला पुलिस अधिकारियों से उनके मासिक धर्म के बारे में बात करता था। वह आरोप लगाता था कि वे मासिक धर्म के बहाने होने वाली पीड़ा का बहाना बना कर छुटटी करती हैं या परेड में आनाकानी करती हैं। इस सिलसिले का भंडाफोड़ अचानक हुआ जब राज्य महिला आयोग की टीम वहां अपनी रुटीन मुलाकात के लिए पहुंची और महिला पुलिस अधिकारियों ने आपबीती सुनाई। आनन-फानन में आरोपी पुलिस अफसर का तबादला कर दिया गया है। यह सोचने की बात है कि तबादला कोई सजा न होने के बावजूद ऐसा क्यों किया गया, जबकि कार्यस्थल पर यौन प्रताड़ना के कानून के तहत उपरोक्त अधिकारी दंड का पात्र था। पुलिस बल में महिला कांस्टेबलों या अन्य अधिकारियों को जो झेलना पड़ता है, उसकी यह महज ताजा बानगी है। कुछ समय पहले कोल्हापुर, महाराष्ट्र के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में प्रशिक्षण के दौरान यौन उत्पीड़न की एक बड़ी घटना का पता चला। प्रशिक्षण अवधि के दौरान ग्यारह प्रशिक्षु महिला कांस्टेबलों के गर्भवती हो जाने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए तथा ट्रेनिंग इन्स्ट्रक्टर की गिरफ्तारी की गई। बताया गया कि ट्रेनिंग के दौरान पुलिस के बड़े अधिकारी भी महिला प्रशिक्षुओं के यौन उत्पीड़न में शामिल रहे हैं। उन्हीं दिनों हरियाणा के करनाल के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में ही महिला प्रशिक्षुओं परयौन अत्याचार की खबर आई थी, मगर बाद में इस मामले को रफा-दफा कर दिया गया था।

ध्यान देने वाली बात यह है कि जितनी महिलाओं का यौन उत्पीड़न हुआ होगा, वे सभी गर्भवती नहीं हुई होंगी यानी घटना की शिकार सिर्फ वही ग्यारह युवतियां नहीं रही होंगी जिनके मेडिकल टेस्ट में गर्भवती होने की पुष्टि हुई है। अन्य हो सकता है कि अपनी 'इज्जत' बचाने के चक्कर में या किसी तरह ट्रेनिंग पूरी कर हाथ में नौकरी आ जाए इसलिए अपना मुंह न खोलें, लेकिन घटना की गंभीरता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी ही एक और खबर राजस्थान के जोधपुर से आई थी, जब पता चला कि महिला प्रशिक्षु कांस्टेबलों को उन्हीं के विभाग के पुलिस अधिकारियों ने अपनी हवस का शिकार बना डाला। आम अपराधी की तरह ही वे हॉस्टल में घुस कर लड़कियों को दूसरे हॉस्टल ले गए जहां कोई दूसरा पुलिस अधिकारी मौजूद नहीं था और वहां उन्होंने घटना को अंजाम दिया। पीड़ितों ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी लिखा है कि उन्हीं पुलिस अधिकारियों के खिलाफ यौन अत्याचार की शिकायत पहले भी लिखाई गई थी, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसीलिए बेखौफ होकर उन्होंने दुबारा ऐसी घटना को अंजाम दिया। यह भी गौर करने लायक है कि पुलिस विभाग में महिला पुलिस अधिकारी उपलब्ध होने के बावजूद ऐसे पुरुष अधिकारियों को हॉस्टल इंचार्ज बनाया गया। जोधपुर के डीजीपी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। मामला सिर्फ जोधपुर या राजस्थान या छत्तीसगढ़ पुलिस का नहीं है बल्कि ऐसी छिटपुट घटनाओं की खबर देश के अलग-अलग हिस्सों से आती रहती है कि कैसे पुलिस मौका पाकर अपराधी 'मर्द' की भूमिका में आ जाती है। यदि मान लें कि मीडिया में खबर बन जाने के कारण तथा ठोस सबूत के कारण चाहे जोधपुर की महिला प्रशिक्षुओं का मामला हो या कोल्हापुर का मामला हो, कुछ कार्रवाई हो भी जाती है, लेकिन इसके बावजूद अहम मुद्दा यह है कि पुलिस विभाग का वातावरण कब बदलेगा जिसमें धौंस जमाना, दादागीरी तथा मर्दानगी दिखाई जाती है। इस नौकरी में श्रेणीबद्धता इतनी अधिक है कि अपने से ऊंचे ओहदे वाले कर्मचारी या अधिकारी का हर गुनाह और हर निर्देश कबूल कर लेना होता है, वरना अनुशासनहीनता का मेमो लेटर मिल जाता है। थानों का वातावरण पहले से ही ऐसा बना दिया जाता है कि पीड़ित का हौसला पहले से ही पस्त हो जाए। माना तो यह जाता है कि इससे अपराधी डरें, पर अपराधी स्वयं थाने नहीं जाता बल्कि पीड़ित न्याय के लिए वहां जाता है इसलिए माहौल को सहज और सुलभ बनाना चाहिए।

## लौटने पर मिली लाश

**इवाना को सहसा विश्वास नहीं हो रहा। उसके मन में कई प्रश्न उठते हैं। अपनी आँखों पर विश्वास न करते हुए, उसने चित्रकार को ललकारा, 'कौन-हो तुम, और इस किले की दीवार पर मेरा यह चित्र बनाने का साहस तुमने कैसे किया?' चित्रकार ने इवाना को अनसुना कर दिया और एक अर्धचन्द्राकार-सी मुस्कराहट के साथ बात करने वाली स्त्री की ओर पलटे बिना पेंटिंग को अंतिम रूप देता रहा! 'तुमने सुना नहीं, मेरा यह चित्र बनाने का साहस तुमने कैसे किया?' चित्रकार की अनुत्तरित मुद्रा से इवाना की भृकुटि तन गई थी।**




'हमें समय ने एक दूसरे से बहुत दूर छिटका दिया है, तो क्या! मुझे तो तुमसे जन्मजन्मांतर का प्यार है। पिछले जन्म में तुमने इतना बड़ा त्याग किया, मेरे लिए अपने पिता का साम्राज्य त्याग दिया, इस बार मेरी बारी है।' सूर्यवीर ने शैलजा के बालों में अपनी उंगलियों का स्पर्श देते हुए कहा।' 'मेरी बारी है, इसका अर्थ, प्रिय?' शैलजा ने सूर्यवीर का हाथ चूमते हुए पूछा। 'इस जीवन में भी तुम सृष्टि की सुन्दरतम मानव कृति हो। पिछले जन्म में तुम्हारी सुंदरता से विश्व को परिचित कराया था, इस जन्म में तुम्हें अपार यश दिलाने का प्रयास करूँगा। तुम्हारी शादी उसी से होगी जिसके साथ तुम्हारी सुंदरता का यश फैले।' 'तुमसे अलग रह सकूँ, किसी और की बन जाऊं, यह असंभव है मेरे लिए,' शैलजा का गला भर आया था। 'प्यार मेल बे-मेल नहीं देखता। प्यार केवल प्यार होता है, भावनाओं का शुद्धतम रूप! तुम्हारे चित्रों में समाए रहना चाहती हूँ, तुम्हारी कविताओं का रस पीते रहना चाहती हूँ। तुम मेरी आँखों में देखते रहो, मैं तुम्हारी आँखों में डूब जाती हूँ।' शैलजा ने घनघोर काले बादलों-से उसके आधे चेहरे को ढकते बालों से सूर्यवीर के चेहरे को ढक लिया था। दोनों एक-दूजे की आँखों में खो कर, एक-दूजे के गुनगुने सांसों को पीकर, सपनों के पंख लगाकर उड़ने लगे थे घोड़े पर सवार हो इवाना सरपट अपने पिताश्री के साम्राज्य की बाहरी सीमा के पास पहुंच गई थी। दिमित्री उसके काफी पीछे रह गया था। सीमा पर सटे एक जर्जर किले ने इवाना को बरबस ही आकर्षित कर लिया। इवाना मानव-रहित और युद्ध की विभीषिका की कहानी कहते, किले में प्रवेश करती है। उसकी दृष्टि किले की एक समतल-सी दीवार से टकराकर रुक जाती है। दीवार पर एक सुन्दर पेंटिंग को एक चित्रकार अंतिम स्पर्श दे रहा होता है। इवाना को सहसा विश्वास नहीं हो रहा। उसके मन में कई प्रश्न उठते हैं। अपनी आँखों पर विश्वास न करते हुए, उसने चित्रकार को ललकारा, 'कौन-हो तुम, और इस किले की दीवार पर मेरा यह चित्र बनाने का साहस तुमने कैसे किया?' चित्रकार ने इवाना को अनसुना कर दिया और एक अर्धचन्द्राकार-सी मुस्कराहट के साथ बात करने वाली स्त्री की ओर पलटे बिना पेंटिंग को अंतिम रूप देता रहा! 'तुमने सुना नहीं, मेरा यह चित्र बनाने का साहस तुमने कैसे किया?' चित्रकार की अनुत्तरित मुद्रा से इवाना की भृकुटि तन गई थी। 'यह तुम्हारा चित्र नहीं।' चित्रकार ने अपनी मूर्ति को पूर्ण कर लिया था। 'मैं तुम्हारा चित्र नहीं बना रहा। इस नील गगन के तले जो सुन्दरतम संभव था, मैं अपनी कलाओं को जागृत कर उसका मूर्तरूप सामने लाना चाहता था। यह एक स्त्री है, जो इस जीव एवं अजीव जगत में सुन्दरतम है।' इवाना ने तलवार म्यान से बाहर निकाल ली थी। 'यह किसी और का नहीं मेरा चित्र है! और तुम्हें एक राजकुमारी का चित्र दुश्मन देश के किले की दीवार पर बनाने के अपराध की सजा मिलेगी।' जैस कुछ हुआ ही नहीं, जैसे कुछ होने वाला ही नहीं, चित्रकार अमिट-सी मुस्कान ओढ़े इवाना की ओर मुँह करता है और देखते ही उसकी आँखे अविश्वनीय भावों को अपने अंदर समेट लेती हैं। 'मेरे कल्पनालोक में कलाओं की शक्ति ने सृष्टि में जिस सुन्दरतम कृति का चित्रकारिता द्वारा अविष्कार किया वह तो यह स्त्री है, जो मेरे सामने है!' वह मन ही मन सोचता है। चित्रकार राजकुमारी को अपलक देखता रह जाता जाता है। राजकुमारी के हाथ में तलवार अभी उठी थी, पर उसके चेहरे पर क्रोध की लकीरें मिट गईं थीं। इतने में दिमित्री वहां पहुंच गया था। उसने घोड़े से उतर कर अपनी तलवार खींच ली थी और चित्रकार की ओर झपटा था। 'राजकुमारी, इसने कोई दुस्साहस किया हो तो इसका सर अभी धड़ से अलग कर देता हूँ।' दिमित्री ने अपनी तलवार म्यान से निकाल ली थी। 'नहीं, छोड़ो इसे अभी।' एक चित्रकार और रचनाधर्मी को पश्चाताप का अवसर देना चाहिए।' 'और हाँ, राजकुमारी इवाना! आपके यशस्वी पिताश्री ने इस किले तक देश की सीमाओं को बढ़ा लिया है। अपनी अग्नि उगलने वाली तोपों से हमने इस किले को खंडहर बना दिया था। इसके बाद तो दुश्मन के सैनिकों ने हथियार डाल दिए थे,' दिमित्री ने राजकुमारी को बताते हुए चिंगारी-भरी आँखों से चित्रकार को कड़ी चेतावनी दे दी थी। 'मेरे विश्व विजयी पिता! अभी तो देखो कितनी दुनियाएं जीत कर अपनी बेटी को उपहार देते हैं मेरे प्यारे पिताश्री!' अपनी भृकुटि तान कर चित्रकार को शाही चेतावनी देकर दिमित्री की सुरक्षा में घोड़े को एड लगा राजकुमारी राजमहल की ओर प्रस्थान कर जाती है

## भाजपा राजस्थान के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** शनिवार रात्रि को ढाणी स्वामियां में एक निजी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पधारे भाजपा राजस्थान के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का बीदासर में भाजपा कार्यकर्ता भंवर सिंह राठौड़ के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत ने साफा पहनाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सुजानगढ़ जिला संयोजक जय सिंह राठौड़ ने दुप्पटा तथा पूर्व नगर मंत्री दीपेंद्र सिंह राठौड़ विद्यार्थी परिषद के इतिहास पर छापी पुस्तक ध्येय यात्रा भेंट की। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हुकमीचंद गुसाईवाल, पूर्व पार्षद विमल वर्मा, मन की बात के पूर्व मंडल संयोजक हुकमीचंद सिंघी, एबीवीपी के पूर्व नगर मंत्री तिलोक सुथार, गुमान सिंह राठौड़, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य जिला परिषद सदस्य नौरंग सीलू , पूर्व जिला मंत्री विनोद सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के गर्मजोशी से स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** दड़ीबा स्थित अमिनाथ जी बागिची के पास राजस्थान सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के बीदासर आगमन पर पूर्व पालिकाध्यक्ष हुकमीचंद गुसाईवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर लोह पुरुष सरदार पटेल की 150 वी जयंती मनाई गई। मंत्री गोदारा, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व पालिका अध्यक्ष हुकमीचंद गुसाईवाल ने मंत्री का साफा बांधकर तथा अन्य उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर मंत्री गोदारा का स्वागत किया। पार्षद बाबूलाल करड़वाल, रमेश छपोला, शीशपाल सिंह, सुखाराम प्रजापत, हनुमानमल मोसलपुरिया, मनोज सिंघाटिया, एडवोकेट दीनदयाल प्रजापत, आरती डुंखवाल, दीपाराम सारण, विमल टेलर, हुकमीचंद सिंघी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामूहिक संगीतमय श्री राम अमृत वाणी सत्संग हुआ



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ में अमृतवाणी संघ की और से विश्व कल्याण और प्राणी मात्र की रक्षा हेतु रविवार 2नवम्बर को सुबह 7.00 से 8.00 बजे तक राणीशक्ति मंदिर में सामूहिक संगीतमय श्री राम अमृत वाणी सत्संग किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना करके द्य हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इसके पश्चात अमृतवाणी का सामूहिक पाठ किया गयाद्य अमृतवाणी के ठीक बाद एक भगवान का भजन - कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है- प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर विश्वनाथ शर्मा, रेलवे सलाहकार सदस्य मुरली मनोहर चौबदार, प्रोफेसर गिरधारी लाल वर्मा, डॉक्टर आनंदीलाल अग्रवाल, जयपाल सिंह शेखावत,श्याम सुंदर मोदी,संजय सिंगरोदिया, कैलाश बिरोलिया, रामकरण सैनी, सुभाष टेलर,मंदिर पुजारी श्याम सुंदर शर्मा, अरविंद आशीवाल,शरद कांत ओझा, मुरलीधर सिंह, भानु प्रकाश छापोला कृष्णकांत डीडवानिया, अखिलेश शर्मा,अभिनेश शर्मा, रतनलाल कुमावत, अशोक शर्मा, अजय चिरानिया, अर्जुन लाल सैनी,हरिराम सैनी, हरीश नरनोलिया, महेंद्र कुमार सैनी,सहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी ने अमृतवाणी का पाठ किया।

## दीपोत्सव के साथ मनाया बाबा श्याम का जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय मकड़िया बालाजी के पास स्थित प्राचीन श्याम मंदिर प्रांगण में एकादशी के उपलक्ष्य पर बाबा श्याम के जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह जानकारी देते हुए श्याम युवा मित्र मंडल के शिव कुमार गठेलवाल व सतीश कुमावत ने बताया कि मंदिर पुजारी रवि जोशी के सानिध्य में 251 दीप प्रज्वलित कर बाबा श्याम का पाटोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात बाबा के दरबार में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें युवा भजन गायक



मयंक शर्मा,तिलक वर्मा,लक्की कुमावत,सतपाल सिंह,प्रतीक चेजारा,मोहित जोशी द्वारा भजनों के माध्यम से बाबा श्याम को रिझाया गया एवं मध्य रात्रि को भव्य आतिशबाजी एवं बाबा श्याम के चरणों में केक समर्पित कर बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया।

### बीदासर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन

# स्वदेशी अपनाएं, विकसित भारत बनाएं: मंत्री सुमित गोदारा

### किसानों के मुद्दे भी रहे चर्चा में

जयपुर टाइम्स




**बीदासर(निसं.)** कस्बे के वार्ड नंबर 9 स्थित श्री राधाकृष्ण हवेली में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संतोष मेघवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलात मंत्री सुमित गोदारा मौजूद रहे। मंत्री गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में विकास की नई करवट हुई है। अब गांव-गांव तक आधारभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं, स्कूलों में संसाधनों की बढ़ोतरी हुई है और शिक्षा का बेहतर वातावरण बना है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा मिल रही है। गोदारा ने चेतावनी दी कि गलत गिरदावरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की– 'स्वदेशी उत्पादों की खरीद करें और देश को विकसित भारत बनाने में योगदान दें।' जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकवादी घटनाएं और बम विस्फोट आम बात थी, लेकिन अब ऐसी घटनाएं लगभग खत्म हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों में घोटालों की भरमार थी, अब ऐसे मंत्री जेल में हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी की हर चर्चा, निर्णय और योजना की जानकारी गांव-ढाणी और चौपाल तक पहुंचाना जरूरी है। प्रधान संतोष मेघवाल ने कहा कि सुजानगढ़ और बीदासर में 70 साल में पहली बार कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा की प्रधान बनी है। उन्होंने कहा, 'संघर्ष करने वाला कभी हारता नहीं। अगर मैं गलत हूं तो मेरा साथ मत देना, लेकिन अगर सही हूं और आपके लिए काम कर रही हूं तो मेरा साथ जरूर देना।' उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग बार-बार मीटिंग कर यह संदेश देना चाहते हैं कि विधानसभा क्षेत्र में कुछ गलत हो रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि सब कुछ कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव हुआ है। पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि सुजानगढ़ में अब तक भाजपा का सभापति नहीं बना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी ताकि बीदासर और सुजानगढ़ दोनों जगह भाजपा का नेतृत्व स्थापित किया जा सके। सांडवा ब्लॉक सदस्य विक्रम सिंह राठौड़ ने कहा कि सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र किसानों का क्षेत्र है, लेकिन मूंग और मूंगफली के टोकन वितरण में अनियमितता हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोकन माफिया सक्रिय हैं– किसी ने 100 तो किसी ने 50 टोकन ले लिए, और ई-मित्र संचालक सिंगल किसान का टोकन नहीं काट रहे। उन्होंने कहा कि पटवारी और गिरदावर भी इस गड़बड़ी में शामिल हैं, जिससे किसानों को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिल रहा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, रवि आर्य, सुजानगढ़ प्रधान मनभरी देवी, जयश्री दाधीच, सांडवा मंडल अध्यक्ष सहिनाथ सिद्ध, मंडल महामंत्री मास्टर गोपाल प्रजापत, कमल माली, बजरंग मोदी, संचियालाल बेद, जयप्रकाश दर्जी, रामनिवास माली, सुभाष, श्रीकृष्ण तेजस्वी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवंबर छायी बहार कि इसमें आये सिरजनहार जन्म दिन आया है

### एमएसजी अवतार माह की नामचर्चा आयोजित

### ढाणी कुम्हारान में राजपुरा ब्लॉक की नामचर्चा आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर कस्बे के गाँव ढाणी कुम्हारान में डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज एमएसजी के अवतार माह की राजपुरा ब्लॉक की भाइयों की नामचर्चा भाई रामधन इंसा के घर पर धूमधाम से आयोजित हुई। उपस्थित भाइयों ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा के पवित्र नारे के साथ अरदास व विनती का शब्द बोलकर नामचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ किया ततपश्चात कविराज भाइयों ने पवित्र ग्रंथो में से एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। सेवादार डूंगरमल इंसा ने गुरु महिमा के बारे में बताया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को एमएसजी अवतार माह की बधाई दी। प्रेमी सेवक शैलेन्द्र इंसा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मोके पर राजवीर, प्रभुदयाल, इमिचंद, डूंगर राम, मनीराम, रामधन, प्रेम कुमार , सवाईसिंह, भुगानाराम, शंकरलाल, सुल्तान, राहुल, प्रीतम सहित राजपूरा ब्लॉक से श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भागवत कथा :

## गोवर्धन पूजन, कृष्ण लीला पूतना वध की कथाओं के सुनाए प्रसंग

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)** 01 नवम्बर कस्बे में सर्राफा धर्मशाला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत संगीत कथा के पांचवे दिन कथा व्यास आचार्य मधुसूदन रामानुज दास महाराज ने भक्तों को गोवर्धन पूजन की कथा विस्तार से सुनाई। कथा का आयोजन कस्बे में वार्ड 5 स्थित सर्राफा की धर्मशाला में आयोजित हो रही है । सात दिवसीय संगीतमय श्री मद भागवत कथा में आचार्य मधुसूदन रामानुज दास महाराज ने गोवर्धन पूजन, कृष्ण लीला पूतना वध की कथाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि संकट काल में भगवान अपने प्रियजनों की मदद करते हैं। जब भी धर्म की हानि होती है और संकट आता है, तो भगवान अवतार लेते हैं। कथा के दौरान भगवान गोवर्धन पूजन की सुंदर अलौकिक झांकी सजाई गई। जिसे देखकर भक्तगण आनंदित हो उठे। कथा के आरंभ में मुख्य यजमान अशोक कुमार शर्मा, शशि सपत्नीक ने विद्वान पंडितों के सानिध्य में पोथी पूजन किया। इस अवसर पर व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए आचार्य मधुसूदन रामानुज दास महाराज ने कथा में बताया गया है कि कथा श्रवण करने से व्यक्ति समस्त सुखों को प्राप्त कर सकता है, पापों का नाश हो जाता है। अंतरात्मा से स्नेह रखने वाले सभी भक्तों के कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा के समापन अवसर पर मुख्य यजमान चोटिया परिजनों ने व्यास पीठ की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर शिव कुमार,शशि, अशोक कुमार शशि चोटिया,शैलेश शेखर, बनवारी चोटिया रोहिताश यादव, सुरेंद्र पीपलवा,संदीप चोटिया, शरद मिश्रा,अशोक दुगोलिया, देवकीनंदन बोचीवाल, नितिन रूपेश, सुभाष जोशी सहित समस्त चोटिया परिवार ओर श्रद्धालु जनों ने कथा श्रवण की।

## गांव कोलासर में हुआ शौर्य जाट शोध संस्थान का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शौर्य जाट शोध संस्थान का उद्घाटन निकटवर्ती ग्राम कोलासर में शौर्य जाट शोध संस्था के संस्थापक रामनिवास जाट लेखक व क्रान्तिकारी विचारक भीमसिंह आर्य, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धमेन्द्र कीलक, भारतीय किसान संघ (सरपंच) प्रदेश अध्यक्ष तुलछाराम कूकना, गौरवशाली सैनानी संघ के अध्यक्ष रतनलाल ढाका, डॉ. पूजा तेतरवाल, पूर्व अध्यक्ष नेमीचन्द जाट ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन किया गया। इसके बाद अतिथियों ने जाट समाज के इतिहास से जुड़ी साहित्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदेश के कोने कोने से आये समाज के लोगों की उपस्थिति में वक्ताओ ने संस्थान को समाज के उत्थान में मील का पत्थर साबित होने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर धमेन्द्र कीलक ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र का पहला संस्थान स्थापित करने के लिए बधाई देता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि जाट समाज के वीर योद्धाओं का इतिहास सरकारी स्कूलों, कॉलेज के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जावे। तुलछाराम कूकणा ने सामाजिक एकता पर बल दिया और कहा कि जाट समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है। भीमसिंह आर्य ने कहा कि सह संस्थान जाट समाज की आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी साबित होगा और इसके माध्यम से हम समाज में कुरीतियों दूर करने का काम जारी रखेंगे। रामनिवास जाट ने संस्थान के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान का मुख्य कार्य जाट समाज के गौरवशाली इतिहास की जानकारी देना और शोधकर्ताओं को निःशुल्क मदद करना है। जाट शोध संस्थान विभाग स्थापित कर पाठ्य पुस्तको में जाट इतिहास शामिल करवाना करवाने के लिए कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में साहिल पठान, डॉ. मुदिता पोपली, सोहनलाल तेतरवाल, हरीराम हवलदार, सवाई राम, रामूराम रणवा, नौरंग बीरड़ा, सुरजाराम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामचंद्र नेहरा ने किया।

### जाजोद थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता हाथ

## एरिया डोमिनेश अभियान के तहत 8 माह से फरार चल रहे डीजल चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निसं.)** जाजोद थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेश अभियान के तहत 8 माह से फरार चल रहे डीजल चोरी के कुख्यात अपराधी योगेश कुमार उर्फ धाकड़ को गिरफ्तार किया। खंडेला उप अधीक्षक इंसार अली के सुपरविजन में चलाए जा रहे एरिया डोमिनेश अभियान में जाजोद थानाधिकारी मोहन लाल के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जाजोद थानाधिकारी मोहन लाल ने बताया की परिवादी जयमल गुर्जर पुत्र नारायण राम निवासी चंवरा पुलिस थाना गुढ़ा गोड़जी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसमें बताया की दिनांक 28 फरवरी को सुबह 8 बजे शर्मा पोल फैक्ट्री काजला की ढाणी ठिकरिया में सीमेंट खाली करने के लिए खड़ी की थी। सीमेंट को 1 मार्च को खाली करनी थी। मैं रात्रि को खाना खाकर मेरे ट्रॉले में सो गया था। जब सुबह 3 बजे मेरी नींद खुली तो मैंने केबिन का फाटक खोलकर देखा तो मेरे ट्रोले से अज्ञात व्यक्ति डीजल चोरी कर रहे थे जिनके पास एक सफेद रंग की इनोवा गाड़ी आरजे 14 टीडी 1104 थी जो मेरे फाटक खोलते देखकर इनोवा गाड़ी को भगाकर ले गए फिर मैने केबिन से नीचे उतरकर देखा तो डीजल टंकी का सारा तेल लगभग 350 लीटर अज्ञात 4-5 व्यक्ति इनोवा गाड़ी से चुरा कर ले गए। थानाधिकारी ने बताया की इनोवा गाड़ी व अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए गठित टीम के द्वारा 8 माह से फरार चल रहे हैं वांछित आरोपी योगेश कुमार उर्फ धाकड पुत्र पितराम जाति जाट उम्र 32 साल निवासी संजय नगर ढाणी ढेहर वाली तन पपूरना थाना खेतड़ी को थाना जाजोद, श्रीमाधोपुर, खंडेला, सदर नीमकाथाना में आरोपी की तलाश कर खेतड़ी मोड़ नीमकाथाना से दस्तयाब किया जाकर गिरफ्तार किया गया। पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया जा चुका है। आरोपी योगेश कुमार से पूछताछ जारी है। गठित टीम के दौरान एएसआई भागीरथ मल, बाबूलाल, बिड़दी चंद, सुभाष की अहम भूमिका रही।

## धूमधाम से मनाया बाबा श्याम का जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री श्याम सखा मंडल द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंडल के सेटलर रामावतार मंत्री ने बताया मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, मंत्री महेश सोनी, कोषाध्यक्ष अनिल धनखड़, बैंक मैनेजर गौरव ग्रोवर ने बाबा की ज्योत लेकर कार्यक्रम का आगाज किया। गणेश वंदना से नरेंद्र शर्मा ने शुरुआत की। बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। रामकरण पारीक, आकाश सोनी, पिंटू सोनी, शंकर महेश्वरी, राहुल पारीक, यश पारीक, ललित पारीक, अभिषेक रतावा, राम पारीक, सत्यनारायण करवा सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर भजन गाए। श्याम की फौज के विष्णु व्यास ने श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाया। कार्यक्रम में पुष्प इत्र वर्षा, भव्य आतिशबाजी की गई और केक काटकर पाटो उत्सव मनाया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। संरक्षक गिरधारी जांगिड़ ने सभी का आभार जताया। इसी प्रकार श्री श्याम मंदिर भोजलाई बास में श्याम जन्मोत्सव बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया, जिसमें श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। रात्रि में श्याम कीर्तन हुआ, जिसमें ललित पारीक द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों पर श्याम भक्त झूमने लगे। मध्यरात्रि में बाबा को मिल्क केक का भोग लगा कर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में मंदिर पुजारी जगदीश बोहरा, व्यवस्थापक पवन जोशी, केशरीचंद जोशी, श्याम जोशी, संजय जोशी, युधिष्ठर स्वामी, वेदप्रकाश तिवाड़ी, रामू करवा, विनोद दाधीच, राजकुमार प्रजापत, शिव जोशी, अवतार जोशी, कार्तिक जोशी, पुनीत जोशी, अंशु जोशी, निखिल वर्मा, सौरभ सराफ, शुभम मोदी, योगेश खंडेलवाल, विकी मॉयल, जयप्रकाश मोदी आदि श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## मेगाहाईवे की छापर रोड़ स्थित सड़क में सिलवटें, बाईक चालकों का बिगड़ता है बैलेंस

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बिना हेलमेट और बिना नियमों के पालन, तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाने के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं होना आम बात है। लेकिन सड़क के बिगड़े अलाईनमेंट और सड़क में अगर सिलवटें पड़ी हों और उसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, तो यह सीधे सीधे घोर लापरवाही का मामला है। दरअसल मेगाहाईवे स्थित छापर रोड़ पर इन दिनों खराब रोड़ के चलते दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां पर विनायक होटल से लेकर गांव गुलेरिया तक सड़क में सिलवटें पड़ी हुई हैं। जिसके कारण खासकर दुपहिया वाहन तो अपने आप सीधे चलते-चलते अचानक लहराने लगते हैं। लोगों ने बताया कि काफी दिनों से यह समस्या व्याप्त है और इसका तुरंत प्रभाव से समाधान होना चाहिए, क्योंकि दुपहिया वाहन चालकों की जान को हर वक्त इससे खतरा रहता है। कॉमरेड जगदीश नाथ ने बताया कि कई जगह पर तो 6 ईंच तक गहरी सिलवटें सड़क में हैं। ऐसे में बाईक सवार व्यक्ति जब यहां से गुजरता है, तो उसका बैलेंस डगमगा जाता है और बाईक्स गिर जाती है। दूसरी ओर दुर्घनाओं में घायलों की मदद करने के लिए जाने जाने वाले टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार ने बताया कि कई बार तो गाड़ियां भी लहराने लगती है, क्योंकि सड़क का बिगड़ा हुआ अलाईनमेंट वाहनों का बैलेंस खराब करता है। श्याम स्वर्णकार ने तुरंत प्रभाव से इस समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। दूसरी ओर कॉमरेड जगदीश नाथ ने बताया कि यह बड़ी जन समस्या और इसका समाधान प्रशासन को तुरंत प्रभाव से करना चाहिए, क्योंकि यह मानवीय जीवन से जुड़ा हुआ विषय है। सोचने वाली बात ये है कि आम आदमी हेलमेट नहीं पहनता, तो उसके लिए प्रशासन ने चालान की व्यवस्था कर रखी है। लेकिन मेगाहाईवे पर सड़क का बिगड़ा हुआ अलाईनमेंट दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहा है, लेकिन इनका चालान क्यों नहीं काटा जाता। जनता का एक ही सवाल है कि क्या नियम केवल आम आदमी पर ही लागू होते हैं, जिम्मेदारों के लिए कोई नियम कायदे लागे नहीं होते क्या। दरअसल गर्मी के मौसम में डंफरों, ट्रकों के टायरों के बीच के गैप के कारण से सड़क की सिलवटों की समस्या खड़ी हुई है।



# मैं हमेशा अपने किरदार और उसकी सच्चाई पर फोकस करती हूं

**अदा शर्मा स्टारर फिल्म द केरला स्टोरी ने हाल ही में नेशनल अवॉर्ड हासिल किया। आगे वह एक इंटरनेशनल फिल्म में भी दिखेंगी। उनसे आगामी प्रोजेक्ट्स समेत कई पहलुओं पर हुई बातचीत...**

**द केरला स्टोरी को नेशनल अवॉर्ड मिलने का पल आपके लिए कैसा रहा?**

यह बहुत ही खास होता है। मुझे लगता है कि सबसे पहले तो हमें दर्शकों की तरफ से ही अवॉर्ड मिल चुका था, क्योंकि इस फिल्म ने इतने सारे रिकॉर्ड तोड़े, वह सब तो दर्शकों ने ही करवाया था लेकिन असल में भी नेशनल अवॉर्ड मिला तो वह पहचान मिलना बहुत अच्छा लगता है। एक एक्टर के तौर पर और द केरला स्टोरी जैसी फिल्म के लिए बहुत ही स्पेशल महसूस होता है।

**सुदीप्तो सेन बोले कि बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड आपको भी मिलना चाहिए था?**

वह फिल्म के डायरेक्टर हैं, तो उनका प्यार और सपोर्ट बहुत नैचुरल है। यह एक कलेक्टिव एफर्ट था। द केरला स्टोरी सिर्फ मेरी नहीं, पूरे देश की फिल्म रही है। बिना बड़े प्रमोशन या मार्केटिंग के दर्शकों ने इसे हिट बनाया। इसलिए जो भी अवॉर्ड या कॉम्प्लिमेंट इसे मिल रहा है, उसे दर्शकों के साथ शेयर करती हूं।

**जब ऐसे बोल्ड या संवेदनशील मुद्दे वाली फिल्में ऑफर होती हैं तो आपका क्या माइंडसेट रहता है?**

मेरे लिए पहली फिल्म 1920 भी बोल्ड थी, क्योंकि पहली बार दर्शक मुझे देख रहे थे। मैं हीरोइन थी लेकिन मेरे अंदर भूत था। यह दिखाता है कि बोल्ड सिर्फ रोमांस या ग्लैमरस दिखने में नहीं है, बल्कि किरदार की सच्चाई में है। चाहे फिल्म रियल लाइफ पर बेस्ड हो या फिक्शनल, मैं हमेशा एक ही एप्रोच अपनाती हूं कि किरदार को रियल बनाना है। मेरी कोशिश यह रहती है कि दर्शक महसूस करें कि वह मेरे साथ वह पल जी रहे हैं। बोल्ड या संवेदनशील होने की चिंता मेरे लिए सेकेंडरी है। मैं हमेशा किरदार और उसकी सच्चाई पर फोकस करती हूं।

**रीता सान्याल का सीजन 2 भी आने वाला है, इसके बारे में क्या कहेंगी?**

हां, रीता सान्याल का सीजन 2 अनाउंस कर दिया गया है, तो मैं कह सकती हूं कि यह डेफिनेटली आएगा। इसके सीजन 1 को इतना प्यार मिला था, तो मुझे उम्मीद है कि सीजन 2 भी लोगों को उतना ही पसंद आएगा। द केरला स्टोरी के बाद लोगों ने शायद सोचा था कि मैं सिर्फ सीरियस चीजें ही करूंगी, इसलिए रीता सान्याल और सनफ्लावर सीजन 2 जैसे प्रोजेक्ट्स का मिलना अच्छा था। यह इसलिए भी अच्छा था क्योंकि लोगों ने मुझे उस अंदाज में भी देखा।

**इन दिनों आप किन प्रोजेक्ट्स की शूटिंग कर रही हैं?**

मैं अभी तीन फिल्में शूट कर रही हूं, पर मैं चाहती हूं कि प्रोड्यूसर्स ही उनके बारे में अनाउंस करें। जैसे द केरला स्टोरी, रीता सान्याल, उसके बाद सनफ्लावर भी रिलीज हुई थी। तब मैंने किसी को नहीं बताया था और फिर ट्रेलर के साथ हम लोग आए, तो सब लोग उत्साहित थे। हालांकि अभी मैं एक-दो हॉरर फिल्में कर रही हूं, जो एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। मैं एक इंटरनेशनल एक्शन फिल्म भी कर रही हूं, एक रोमांटिक फिल्म भी कर रही हूं और एक ट्राइ-लैंग्वेज फिल्म भी कर रही हूं।



## रोमांटिक फिल्म बनाना चाहते हैं अमर कौशिक

**फिल्म स्त्री, भेड़िया, स्त्री 2 और बाला जैसी फिल्मों के निर्देशक अमर कौशिक ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी आगामी फिल्मों को लेकर कई खुलासे किए। इसके साथ ही अमर ने महावतार और मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स को लेकर भी कई बाते बताईं।**

### अमर कौशिक का बयान

एक इंटरव्यू में निर्देशक अमर कौशिक ने अपनी फिल्मों को लेकर कहा, मैं महावतार पर काम कर रहा हूं। मैंने बाला का निर्देशन किया है। मैं बाकी फिल्मों का निर्माण भी कर रहा हूं। लेकिन मैं (हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स) की दुनिया को नहीं छोड़ सकता क्योंकि लोगों ने इसे बहुत प्यार दिया है। मैं उस जिम्मेदारी को नजर अंदाज नहीं कर सकता। एक निर्देशक के तौर पर, मैं बहुत कुछ करना चाहता हूं, लेकिन मैं इस दुनिया को नहीं छोड़ सकता। मुझे इसे सुरक्षित रखना है। मैं रोमांटिक ड्रामा फिल्में भी बनाना चाहता हूं। इस फिल्म इंडस्ट्री में आठ साल हो गए हैं, मैं 80 साल की उम्र तक काम करते रहना चाहता हूं।

### अमर कौशिक के बारे में

अमर कौशिक एक भारतीय फिल्म निर्माता-निर्देशक हैं। उन्हें मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्मों स्त्री, भेड़िया और स्त्री 2 के साथ-साथ फिल्म बाला का निर्देशन किया है। अमर ने 2008 में आमिर पर राज कुमार गुप्ता के सहायक निर्देशक के रूप में काम करते हुए अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। बहरहाल, अमर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महावतार पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## राजेश-डिंपल की पोती नाओमिका बॉलीवुड में करने जा रही हैं डेब्यू



बॉलीवुड की लेजेंडरी जोड़ी राजेश और डिंपल कपाड़िया की पोती नाओमिका सरन जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। यह उनकी पहली फिल्म मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रोमांटिक कॉमेडी होगी। फिल्म की शूटिंग 2026 के बीच में शुरू होने की संभावना है। फिल्म में नाओमिका के अपोजिट होंगे वेदांग रैना, जिन्हें आखिरी बार जिगरा में देखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक... नाओमिक पिछले एक साल से इस फिल्म के लिए अभिनय और डांस वर्कशॉप में तैयारी कर रही हैं, ताकि वह बड़े परदे पर पूरी तरह तैयार होकर कदम रखें। नाओमिका की मां हैं रिंकी खन्ना, जिन्होंने 1998 में प्यार में कभी कभी से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। नाओमिका, ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार की भतीजी भी हैं। हालांकि नाओमिका ने अब तक मीडिया की निगाहों से दूरी बनाए रखी थी लेकिन हाल ही में उनकी मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस विजिट्स ने उनके डेब्यू की अफवाहें बढ़ा दी हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रोजेक्ट में पहले अगस्त्य नंदा अमिताभ बच्चन के पोते के रूप में कास्ट थे लेकिन शेड्यूलिंग और चर्चा के बाद इस भूमिका को वेदांग रैना से बदल दिया गया। सूत्रों के अनुसार... दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री टीम को बेहद पसंद आई। फिल्म के निर्माता दिने श विजन चाहते हैं कि नाओमिका का डेब्यू धीरे और प्रोफेशनल तरीके से हो, ताकि वह पूरी तरह तैयार होकर दर्शकों के सामने आएं।



## संजय की फिल्म खलनायक 2 का निर्देशन नहीं करेंगे सुभाष

संजय दत्त ने कई सफल फिल्मों में काम किया है, उन्हीं में से एक है खलनायक, जिसमें उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ बनी थी। इस एक्शन फिल्म को सुभाष घई ने बनाया था। इसी फिल्म के बाद से संजय को हर कोई खलनायक कहने लगा था, उधर घई की फिल्मावली में भी चार चांद लग गए थे। अब फिल्म के सीक्वल पर निर्देशक ने खुलकर बात की और ये भी बताया कि वो इसका निर्देशन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा... खलनायक को एक सिनेमैटिक यूनिवर्स में ढालने की तैयारी चल रही है और सीक्वल को काफी बड़े स्तर पर बन रहा है। मैं इसे निर्देशित नहीं कर रहा हूं, क्योंकि मैं 80 साल का हूं। मैं बस रचनात्मक रूप से मार्गदर्शन कर सकता हूं। संजय दत्त सीक्वल में अभिनय करेंगे। हमसे कई बड़े स्टूडियो रीमेक और सीक्वल के लिए हमसे संपर्क कर रहे हैं। हमने एक स्टूडियो को इसके राइट्स देने का फैसला किया है। सुभाष बोले... अधिकारों में सीक्वल के लिए स्क्रिप्ट, किरदार, कथानक, कहानी, नाम, डायलॉग और संगीत शामिल हैं, इसलिए खलनायक के गीतों का इस्तेमाल दूसरे भाग में किया जा सकता है। 32 साल बाद एक बार फिर संजू बाबा को उसी अंदाज में देखना बेहद दिलचस्प होने वाला है।



## फिल्म संक्रांतिकी वास्तुनम की आएंगे अक्षय हिंदी रीमेक में नजर

अक्षय कुमार एक बार फिर साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म के हिंदी रीमेक में नजर आने वाले हैं। हाल ही में वे जॉली एलएलबी 3 में दिखे थे और अब उनकी अगली फिल्म को लेकर चर्चा है कि उन्होंने तेलुगु सुपरस्टार वेंकटेश दग्गुबाती की इसी साल रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म संक्रांतिकी वास्तुनम के हिंदी रीमेक के लिए हामी भर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह फिल्म एक एक्शन-कॉमेडी ड्रामा होगी। सूत्रों का कहना है... अक्षय को फिल्म की कहानी और ट्रीटमेंट काफी पसंद आया। उन्होंने फिल्म देखने के बाद खुद इसका हिंदी रीमेक बनाने का वास्तुनम का निर्देशन अनिल रविपुड़ी ने किया था। फैसला किया। बता दें, मूल फिल्म संक्रांतिकी यह 14 जनवरी को रिलीज हुई थी और दुनियाभर में 250 से 300 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। फिल्म की कास्टिंग प्रोसेस पर इस वक्त काम चल रहा है। फिलहाल लीड एक्ट्रेस को फाइनल नहीं किया गया है। शूटिंग पहले शुरू हो जानी थी लेकिन अक्षय के बिजी शेड्यूल के चलते इसे फिलहाल डिले किया गया है। अगले साल अक्षय भूत बंगला में भी नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास हैवान, फिर हेरा-फेरी और वेलकम टू द जंगल जैसी फिल्में भी कतार में हैं।



## सरकार 4 में फिर साथ आएंगे अमिताभ और अभिषेक, राम गोपाल वर्मा ही करेंगे निर्देशन

अमिताभ बच्चन के 83वें जन्मदिन पर बॉलीवुड से एक बड़ी खबर आई है। राम गोपाल वर्मा अपनी चर्चित सरकार फ्रेंचाइज के चौथे भाग के साथ लौट रहे हैं। इस बार कहानी में सबसे बड़ा सरप्राइज यह है कि अमिताभ के साथ अभिषेक भी अपने लोकप्रिय किरदार शंकर नागरे के रूप में वापसी कर सकते हैं। दरअसल, सरकार राज (2008) में शंकर नागरे की मौत दिखाई गई थी, जिसके बाद फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म सरकार 3 एक अलग दिशा में चली गई थी।

**स्क्रिप्ट हुई लॉक, 2026 के फर्स्ट हाफ में होगी शुरू**

सूत्रों का कहना है कि अमिताभ और अभिषेक दोनों को नई कहानी की रूपरेखा सुनाई जा चुकी है और दोनों ने इस विचार को पसंद करते हुए प्रोजेक्ट के लिए मौखिक सहमति दे दी है। वहीं, राम जो शुरुआत में इस फिल्म को लेकर असमंजस में थे, उन्होंने भी नई स्क्रिप्ट को मंजूरी दे दी है। योजना के अनुसार, सरकार 4 की शूटिंग 2026 के फर्स्ट हाफ में शुरू हो सकती है। पहले सरकार 4 की जिम्मेदारी प्रकाश झा को सौंपने की बात चल रही थी लेकिन आखिरकार निर्माताओं ने इस प्रोजेक्ट को वापस राम को ही सौंपने का फैसला किया।

**इस बार कहानी प्रीक्वल के तौर पर जा सकती है...**

फिल्म की कहानी प्रीक्वल के तौर पर भी जा सकती है, जिसमें शंकर नागरे की पृष्ठभूमि और उसके सत्ता में आने की कहानी दिखाई जा सकती है। निर्माताओं ने कुछ समय पहले आदित्य रॉय कपूर को एक समानांतर भूमिका के लिए अप्रोच किया था लेकिन बाद में उस विचार को छोड़ दिया गया। अब फोकस पूरी तरह बच्चन परिवार की वापसी पर है, जिससे फ्रेंचाइज की मूल आत्मा बरकरार रहेगी। यह फ्रेंचाइज के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगी। अगला साल अमिताभ-अभिषेक के लिए बेहद व्यस्त साल साबित होने वाला है। बिग बी की झोली में पहले से कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। जिनमें रामायण: पार्ट 1, जिसमें वह दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अगले साल दीपावली तक रिलीज की उम्मीद है। ब्रह्मास्त्र 2 में भी वह गुरुजी के किरदार में दोबारा दिखेंगे। आंखें 2 में भी उनका किरदार निगेटिव शेड्स लिए होगा। कल्कि 2898 ए डी 2 में भी बिग बी का किरदार आगे बढ़ेगा, जिसकी शूटिंग अगले साल शुरू होगी। वहीं, अभिषेक के लिए भी अगला साल काफी अहम रहेगा। वह किंग में विलन की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जबकि धूम 4 में एसीपी जय दीक्षित बनकर फिर एक्शन करते दिखेंगे। इसके अलावा वह राजा शिवाजी जैसी फिल्म में भी हैं।

**वर्मा भी डी कंपनी वेब सीरीज पर कर रहे काम**



सरकार 4 के साथ राम गोपाल की मेनस्ट्रीम सिनेमा में बड़ी वापसी मानी जा रही है। इसे उनके पॉलिटिकल क्राइम यूनिवर्स के रूप में भी देखा जा रहा है। दूसरी ओर वर्मा सरकार 4 के अलावा अपने डिजिटल प्रोजेक्ट्स पर भी काम कर रहे हैं। उनकी वेब सीरीज डी कंपनी मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। हालांकि, अब सबकी निगाहें सरकार 4 पर हैं जो संभवत: 2027 में रिलीज हो सकती है।

# राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
3 नवम्बर, 2025


## राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के यशस्वी पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. शशिकांत शर्मा का जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के यशस्वी एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी रहे डॉ. शशिकांत शर्मा को उनके जन्मदिवस के अवसर पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा। नर्सिंग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशिक्षण के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों ने राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे देश में नर्सिंग क्षेत्र को नई दिशा प्रदान की है। आपकी दूरदर्शी नीतियों, सशक्त नेतृत्व क्षमता और निष्ठापूर्ण कार्यशैली ने सैकड़ों विद्यार्थियों, नर्सिंग पेशेवरों एवं सहकर्मियों को नई प्रेरणा दी है। डॉ. शर्मा के प्रयासों से नर्सिंग शिक्षा में गुणवत्ता, सेवा भाव और पेशेवर उत्कृष्टता को नई ऊँचाइयाँ मिलीं।राज्यभर से शिक्षण संस्थानों, नर्सिंग संघों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की मंगलकामना की है। डॉ. शर्मा की कार्यशैली और समर्पण भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। 'आपका योगदान राजस्थान के स्वास्थ्य तंत्र में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। '

## निजी पुस्तकालय का भव्य उद्घाटन




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बाड़ी रोड पर रविवार को कृष्णवि लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं समाजसेवी प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) ने रिबन काटकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है, और इस तरह के निजी पुस्तकालय युवाओं में अध्ययन की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। अतिथियों ने कृष्णवि लाइब्रेरी की स्थापना को समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, साथ ही सामान्य अध्ययन के लिए भी पुस्तकों का समृद्ध संग्रह रखा गया है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया और सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को अध्ययन की ओर प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रमेश तिवारी डायरेक्टर, सेंट कॉनराड स्कूल, विमल तिवारी, राजेश तिवारी, सचिन तिवारी, विश्वेंद्र, देवेंद्र, अवधेश तिवारी, सुमंत तिवारी और पिंटू मावई सहित समस्त तिवारी परिवार एवं अन्य सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे।

## गरीब परिवारों के लिए वरदान बना सामूहिक विवाह सम्मेलन, 12 जोड़ों ने लिए सात फेरे




जयपुर टाइम्स

**भरतपुर(निसं.)** नारायण हरि सेवा संस्थान, भरतपुर द्वारा 12 जोड़ों का उनके पारंपरिक रीति- रिवाजों के अनुसार भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न कराया गया। यह आयोजन सामाजिक एकता और आर्थिक सहयोग का उदाहरण बना, जिसमें विभिन्न जिलों से आए जोड़ों ने एक साथ विवाह बंधन में बंधकर नई जिंदगी की शुरुआत की। संस्थान के अध्यक्ष अमित कुमार कर्दम ने बताया कि इस विवाह सम्मेलन में मथुरा, आगरा, पलवल, धौलपुर, सवाई माधोपुर और करौली सहित कई जिलों से जोड़े पहुंचे थे। सभी समाजों के जोड़ों का विवाह विधिवत रीति से कराया गया। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य विवाह में होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना और गरीब परिवारों को आर्थिक बोझ से मुक्त करना है, ताकि किसी भी माता- पिता को बेटी को बोझ न समझना पड़े। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशिकांत नदबई, अनीता मीणा एक्सईएन चंबल, गिरधर चौधरी, तथा किशन सिंह सेवानिवृत्त एक्सईएन, बिजली विभाग जोधपुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। अमित कुमार कर्दम ने बताया कि अगला सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी 2026 (फुलेरा दूज) को SPZ कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज के पास भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। पंजीकरण के लिए सलूजा नर्सिंग होम के पास, जवाहर नगर घना रोड, भरतपुर पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर चेतराम प्रजापति, योगेश, कपिल देव, समर्पित कर्दम, महेंद्र पंडित, पिंटू अंशु कर्दम, गौतम, प्रवीण रॉय, नवीन मथुरिया, रोहित, लोकेन्द्र, विकास कबीरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरएसएस शताब्दी वर्ष पर सांभर में लगेगा रक्तदान शिविर

### पत्रकार संघ की बैठक में बनी तैयारी योजना

**सांभरलेक(निसं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सांभर पत्रकार संघ के तत्वाधान में आगामी रविवार, 9 नवंबर 2025 को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में फुलेरा रोड स्थित पत्रकार संघ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संघ अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में सांभर क्षेत्र की सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग रहेगा तथा तैयारी कार्य तेज़ी से जारी है। संघ ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### मुहाना थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दिन-दहाड़े घर में हुई चोरी का खुलासा, सपोटरा करौली का शातिर अभिषेक जादौन गिरफ्तार

### आरोपी से हुई बरामद सोने की चेन, दो सोने की अंगूठियां

जयपुर टाईम्स



**सांगानेर(निसं.)।** मुहाना थाना पुलिस ने दिन की रोशनी में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए सपोटरा, करौली निवासी शातिर आरोपी अभिषेक सिंह जादौन को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले उसका साथी रवि शर्मा भी गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे का खर्च पूरा करने के लिए लगातार नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने उनसे चोरी गए सोने के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज वर्मा (आईपीएस) ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिले के सभी थानाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे। 6 अगस्त 2025 को मुहाना थाने में परिवादी मनोहर लालवानी, निवासी श्रीकृष्णम 05, सुधा एनक्लेव, मानसरोवर ने रिपोर्ट दी थी कि वह व उनकी पत्नी गणेश विसर्जन के लिए राजापार्क गए थे। लौटकर आए तो घर के ताले टूटे मिले, सामान बिखरा पड़ा था और सोने की ज्वैलरी व नकद गायब था।

**खुलासे के लिए बनी विशेष टीम**

अति.पुलिस उपायुक्त ललित शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य काकड़े (वृत्त मानसरोवर), थानाधिकारी गुरुभूपेंद्र सिंह, मुहाना थाना पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, संदिग्ध मोबाइल नंबरों का डेटा एनालिसिस किया तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश डोबर (कानि. 4714) ने तकनीकी विश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस तरह चढ़े पुलिस के हत्थे रवि शर्मा पुत्र ख्यालीराम उम्र 21 वर्ष, निवासी हीरापथ, मानसरोवर, अभिषेक सिंह जादौन पुत्र ध्रुवसिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी किशोरपुरा, सपोटरा (हाल देवीनगर, थाना श्याम नगर) रवि शर्मा को 6 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर एक सोने की चेन बरामद की गई। इसके बाद लगातार पीछा करते हुए पुलिस ने अभिषेक को देवीनगर, श्याम नगर थाना क्षेत्र से दबोच लिया। उससे सोने की चेन व दो सोने की अंगूठियां बरामद हुईं।

**आगे और खुलासे की संभावना**

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी करते थे। उनसे अन्य वारदातों के खुलासे की भी संभावना है। पुलिस टीम उनसे आधुनिक तकनीक के आधार पर लगातार पूछताछ कर रही है।

### मंदिर में चल रही है स्कूल

## *विद्यालय भवन गिरने की कगार पर, स्कूल विभाग मंदिर में स्कूल चलाने को हुआ मजबूर*

### सर्दियों की वजह से बच्चों को हो रही हैं काफी परेशानी,

### सांभर पंचायत की कोच्या की ढाणी का है मामला

जयपुर टाईम्स






**सांभरलेक(निसं.)।** जहां सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में लगातार सुविधाएं उपलब्ध करवाने का दावा किया जा रहा हैं। वहीं सांभर पंचायत समिति के गांव कोच्या की ढाणी के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी मंदिर में पढ़ने को मजबूर हो रहे हैं, इसका कारण यह है कि सरकारी विद्यालय का भवन गिरने के कगार पर आ गया हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या कैलाशी मीणा ने कहा कि विद्यालय परिसर में बने कमरों की पट्टियां टूट चुकी हैं। विद्यालय में 76 बच्चें शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और 8 अध्यापकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा हैं। विभाग के अधिकारियों को स्कूल की स्थिति के बारे में अवगत करवा दिया गया हैं।

### सर्दी से बच्चे हो रहे परेशानः

स्कूल भवन के गिरने की स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रशासन द्वारा पास ही बने मंदिर में स्कूल चलाई जा रही हैं परन्तु मंदिर में भी चारों तरफ से ठंडी हवाएं चलती हैं जिससे बच्चों को काफी सर्दी का सामना करना पड़ रहा हैं और उनके बीमार होने का भी खतरा बढ़ रहा हैं।

### पूर्व में भी स्कूल परिसर की पट्टियां टूट कर गिर चुकी है:

कुछ समय पूर्व इस स्कूल परिसर में बने कक्षों की पट्टियां टूटकर गिर चुकी हैं। प्रधानाचार्य के अनुसार पूर्व में पट्टियां टूटने का हादसा रात्रि के समय हुआ था जिससे कोई जनहानि नहीं ही थी। इस वजह से ही बच्चों को पढ़ाई स्कूल की जगह मंदिर में कराई जा रही हैं।

## सांभर का विकास पटरी से उतरा, नेताओं की निष्क्रियता पर जनता सवालों के घेरे में

जयपुर टाईम्स

**सांभरझील(निसं.)।** राजस्थान के सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक क्षेत्रों में शुमार सांभर आज विकास की दौड़ में पिछड़ता जा रहा है। 1957 में राज्य गठन के बाद जिस सांभर से प्रशासनिक और राजनीतिक नेतृत्व की उम्मीद की जाती थी, वह आज उपेक्षा, राजनीतिक शिथिलता और विकास ठहराव का प्रतीक बनता दिख रहा है। जहाँ कभी सांभर उपखंड क्षेत्र का नेतृत्व करता था, वहीं आज जोबनेर, किशनगढ़-रेनवाल और नरायणा जैसे कस्बे तेज़ी से विकास की नई बुलंदियाँ छू रहे हैं। दूसरी ओर सांभर का वर्चस्व लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है।

### जनता से वादे, धरातल पर शून्य

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि क्षेत्र के नेता जनता से वादे तो करते हैं, लेकिन उन पर अमल की नीयत नहीं रखते। विकास योजनाओं पर दबाव बनाने की क्षमता भी नेताओं में नहीं दिखती। नतीजन सांभर की पहचान और प्रतिष्ठा दोनों कमजोर होती जा रही हैं।

### महत्वपूर्ण कार्यालय बंद, स्वास्थ्य सेवाएँ बदहाल

सांभर में प्रशासनिक संसाधनों की स्थिति बेहद चिंताजनक है- अपर जिला कलेक्टर कार्यालय की स्थापना वर्षों से अधूरी पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता कार्यालय लौट नहीं पाया बीएसएनएल कार्यालय बंद होकर स्थानांतरित सोनोलॉजिस्ट, सर्जन और आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की नियुक्ति अब तक नहीं नए उप जिला अस्पताल भवन के लिए भूमि चयन अटका स्थिति यह है कि बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं तक की उम्मीदें धुंधली पड़ रही हैं।

### जहाँ समाजसेवी आगे, राजनेता पीछे

उप जिला अस्पताल और राजकीय कन्या महाविद्यालय का मिलना जनप्रतिनिधियों की नहीं, बल्कि समाजसेवी व नंदीकेश्वर मेला कमेटी अध्यक्ष कुलदीप व्यास के अथक प्रयासों का परिणाम है। इसके बावजूद जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें सम्मान देना तो दूर, सार्वजनिक रूप से साधुवाद भी नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब समाज सेवा से प्राप्त उपलब्धियों का सम्मान नहीं होता, तो भविष्य में जनप्रतिनिधियों से किसी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा करना भी व्यर्थ है।

### भविष्य पर खतरा

यदि यही राजनीतिक निष्क्रियता जारी रही तो आने वाले समय में सांभर का उपखंड दर्जा भी खतरे में पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते चेतना और जनप्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## जिला मुख्यालय स्थित गंगा बाई बगीची के महंत परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 108 श्री हनुमान दास जी महाराज एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं से की शिष्टाचार भेंट

जयपुर टाईम्स



**धौलपुर(निसं.)।** धौलपुर में श्री बागेश्वर धाम बालाजी पीठाधीश्वर महाराज धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा आयोजित सनातन एकता पदयात्रा की दिव्यता भव्यता को लेकर हिंदू जागरण मंच जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने धौलपुर जिला मुख्यालय स्थित गंगा बाई बगीची के महंत परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 108 श्री हनुमान दास जी महाराज एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं से की शिष्टाचार भेंट। आमंत्रण पत्र भेंट कर पीले चावलों के साथ पदयात्रा में शामिल होने का दिया न्योता हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने आगामी 07 नवंबर 2025 से 16 नवंबर 25 तक आयोजित 10 दिवसीय सनातन एकता पदयात्रा ( दिल्ली से वृंदावन) जिसमें श्री बागेश्वर धाम बालाजी महाराज एवं श्रीधाम वृंदावन बांके बिहारी भगवान का मिलन, संपूर्ण देशभर के सनातनियों का मिलन, तीन राज्यों दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश में पदयात्रा आगमन का को लेकर संत श्री श्री 108 श्री हनुमान दास जी महाराज एवं बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख राम शर्मा, सह जिला संयोजक नरेश से चर्चा की जिसमें धौलपुर जिले से अच्छी संख्या में संतों एवं सनातन धर्म प्रेमियों ,माताओं, बहनों का यात्रा में सम्मिलित होकर पदयात्रा दिव्य भव्य का विषय रखा जिस पर संत हनुमान दास महाराज ने कहा कि हम अपने धौलपुर जिले में जितने भी मठ मंदिर हैं उन मठ मंदिर के संत एवं भक्तों से शीघ्र अतिशीघ्र संपर्क साध कर परम पूज्य गुरुदेव श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी द्वारा आयोजित सनातन एकता पदयात्रा में बहुत अच्छी संख्या के साथ सम्मिलित होंगे। और परम पूज्य गुरुदेव धीरेन्द्र शास्त्री जी के अखंड भारत के संकल्प को साकार कराने में कदम से कदम मिलकर चलेंगे। वही बजरंग दल के गौ रक्षा प्रमुख राम ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी के इस महाअभियान में धौलपुर जिले से प्रत्येक प्रखंड से बजरंग दल का कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल होंगे। और इसके अलावा हाल ही में हम प्रत्येक प्रखंड पर पदयात्रा में शामिल होने को लेकर बैठक करेंगे। इस पुनीत कार्य में संतों के सानिध्य में हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल समन्वय के साथ, एकता के साथ कार्य करेगा। अंत में हिंदू जागरण मंच धौलपुर जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने कहा कि आज समय रहते हिंदू समाज का जागना बेहद जरूरी है। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे और बटेंगे तो कटेंगे साथ ही भारतमाता की जय, जय श्री राम के उद्घोष के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान संत हनुमान दास के साथ बजरंग दल के शुभम श्रीवास्तव, पार्षद राम शर्मा, सीताराम शर्मा, ब्रजनंदन शर्मा, पुन्नी परमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेनों के ठहराव के लिए भिवण्डी के चूरू जिला अप्रवासी मण्डल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**चूरू.** वार्ड 17 में भिवण्डी के चूरू जिला अप्रवासी मण्डल के हाजी इस्माईल भाटी के नेतृत्व में हिसार-कोयम्बटूर- हिसार का भिवण्डी रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हिसार-बान्द्रा- हिसार, जम्मुतवी बान्द्रा-जम्मु एक्सप्रेस का बसई स्टेशन पर ठहराव के लिए सांसद राहूल कस्वां को अप्रवासियों ने ज्ञापन सौंपा। हाजी भाटी ने बताया कि चूरू जिले के अलावा सीकर, झुंझुनूं सहित राजस्थान के हजारो नागरिक महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवण्डी क्षेत्र में व्यापार के लिए बड़ी संख्या में रहते है। इसलिए अप्रवासियों ने इन स्टेशनों पर हिसार-कोयम्बटूर-हिसार का भिवण्डी रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हिसार-बान्द्रा-हिसार, जम्मुतवी बान्द्रा-जम्मु एक्सप्रेस का बसई स्टेशन पर ठहराव किया जाए। ताकि हम लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मोहम्मद रफ़ीक चौहान,हाजी इस्माईल भाटी , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, धमेन्द्र बुडानिया, नारायण बालाण, किशोर धांधू आरिफ़ पीथींसर,सद्दाम हुसैन,शकील चौहान, रफीक चुरुवि, याकूब राजगढ़िया, यूसुफ महबूब भाटी,असगर अली,सलीम मिस्त्री ,शौकत चौहान, मुबारक भाटी,गुलाम हुसैन गौरी, अकरम मंडावरिया सोयल खान डीके,सलीम पिए, सिराज जोइया,काज़ी अब्बास,हारून मलनस,जाफर नूरवाला आदि मौजूद रहे।।

## अवैध शराब की धरपकड़ अभियान के तहत मनियां थाना पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही

### कार्यवाही के दौरान अवैध शराब के 182 पव्वा एवं 22 बीयर बोतल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जयपुर टाईम्स




**धौलपुर(निसं.)** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व वृत्ताधिकारी मनियां राजेश शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी मनियां उदय चन्द मीना पुलिस निरीक्षक मय टीम व डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी ,सहायक उप निरीक्षक मय टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए 182 पव्वा अवैध शराब एवं 22 वीयर बोतल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। घटना दिनांक 31 अक्टूबर व 01 नवम्बर 2025 की मध्य रात्रि के दौरान श्रीकेश एएसआई, प्रधुम्न सिंह हैड कांस्टेबल मय टीम द्वारा डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी सहायक उप निरीक्षक की सूचना पर खेरली गांव के पास से मुल्जिम वीरेन्द्र पुत्र चन्द्रपाल जाति कुशवाह उम्र 30 साल खोजपुर थाना इंगलाश जिला अलीगढ उत्तरप्रदेश व मुकेश पुत्र लक्ष्मन सिंह उर्फ लच्छो जाति कुशवाह उम्र 45 साल निवासी खेरली बाल गोविन्द का पुरा थाना मनियां जिला धौलपुर को अवैध शराब के 182 पव्वा व 22 वीयर बोतल सहित पकड़ा। जिनके पास मिली शराब को मौके पर ही जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया जाकर मुल्जिम वीरेन्द्र व मुकेश को अलग-अलग गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध धारा आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है।

## *दिहौली पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 25 हजार का इनामी बदमाश भूपेन्द्र उर्फ भूपसिंह उर्फ भूपा गिरफ्तार*

### बदमाश पर आधा दर्जन संगीन प्रकृति के मामले है दर्ज, करीब 01 साल से चल रहा था फरार

जयपुर टाईम्स



**भरतपुर(निसं.)** महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द्र विश्नोई आईपीएस एवं धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व वृताधिकारी वृत्त मनियां राजेश शर्मा आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी थाना दिहौली दुर्गसिंह उप निरीक्षक व जाप्ता व डीएसटी टीम प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी सहायक उप निरीक्षक मय टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते 25 हजार रूपये का इनामी बदमाश भूपेन्द्र उर्फ भूपसिंह उर्फ भूपा को गिरफ्तार किया जाकर जिसके कब्जे से एक अवैध हथियार देशी पौना 315 बोर में दो जिंदा कारतूस 315 बोर को जप्त किया गया है। घटना दिनांक 01 नवम्बर 2025 को दुर्गसिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी दिहौली मय जाप्ता कांस्टेबल भरतराम, सुशील एवं साइबर सेल प्रभारी नरेन्द्र सिंह हैड कांस्टेबल एवं डीएसटी टीम जाप्ता कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, मानवेन्द्र, रामू, रिषीकेश, सरवन हैड कांस्टेबल चालक की संयुक्त कार्यवाही व तकनीकी ज्ञान के आधार पर व डीएसटी टीम के कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह की सटीक सूचना के आधार पर रेहना वाली माता मंदिर के पास बीहड़ जंगलों में छुपे इनामी बदमाश भूपेन्द्र उर्फ भूपसिंह उर्फ भूपा पुत्र भीकम सिंह उर्फ भीका जाति ठाकुर उम्र 24 साल निवासी भूतेश्वर मौहल्ला वार्ड नंबर 22 कस्बा राजाखेड़ा थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर को एक अवैध हथियार देशी पौना 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस 315 बोर सहित पकड़ा है। कार्यवाही के दौरान मुल्जिम भूपेन्द्र उर्फ भूपा पुलिस से बचने के लिये पुलिया से नीचे कूद गया। जिससे उसके दाहिने पैर में चोट आने से घायल हो गया। जिस पर प्रकरण धारा आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया है। उक्त इनामी बदमाश द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर इलाका थाना राजाखेड़ा में दिनांक 20 जनवरी 2025 को अवैध चम्बल रेता बजरी निकासी रोकथाम के दौरान पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर रामसहाय कांस्टेबल को गम्भीर रूप से गोली मारकर घायल कर दिया था। तत्पश्चात पुलिस पार्टी द्वारा उक्त मुल्जिमों की धरपकड़ के दौरान भी पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर जानलेवा हमला किया। उक्त इनामी मुल्जिम उस रोज से ही करीब 01 साल से फरार चल रहा था। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

## रोडवेज बस स्टैंड पर चूरू जाने वाली रोडवेज बसो में परीक्षार्थियों की भारी भीड़

### भेड़ बकरियों की तरह भरा गया परिक्षार्थियों को, वीडीओ सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जा रहे थे विधार्थी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा रविवार सुबह 11 बजे से आयोजित करवाई गई। परीक्षा को लेकर सभी परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क की यात्रा की व्यवस्था की गई । लेकिन इस निशुल्क की यात्रा के दौरान परीक्षार्थियों के जीवन के साथ मानो खिलवाड़ हो रहा है। रोडवेज बसों में क्षमता से दोगुना से ज्यादा परीक्षार्थियों को भरकर परीक्षा केंद्र तक ले जाया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा। रविवार सुबह 7 बजे परीक्षार्थी ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती की परीक्षा देने के लिए चूरू के लिए रवाना हुए। लेकिन इस दौरान रोडवेज बस स्टैंड से परीक्षार्थियों को बसों में भेड़ बकरियों की तरह भरा गया। बस में हालात यह है थी कि बस में पैर रखने तक की जगह नहीं थी। रोडवेज प्रशासन की ओर से तमाम प्रकार की व्यवस्थाओं के दावे तो किए जाते हैं। लेकिन यह दावे हकीकत में मानो हवा हवाई होते हुए नजर आये । बस में महिला और पुरुष अभ्यर्थी भेड़ बकरियों की तरह भरकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर मजबूर थे। ऐसे में सवाल यह भी है कि जब रोडवेज प्रशासन को पहले से पता होता है की परीक्षा आयोजित होनी है तो रोडवेज प्रशासन की ओर से माकूल व्यवस्थाएं क्यों नहीं की जाती है। परीक्षा के समय हर बार यही हालात देखने को मिलते हैं। परीक्षार्थियों की मजबूरी यह है कि उन्हें समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होता है। जिसके चलते परीक्षार्थी भारी भीड़ में भी बसों में सफर तय करने पर मजबूर है। परीक्षा देने जा रही महिला अभ्यर्थी दीपिका प्रजापत और कृतिका गोड़ ने बताया कि हम बस के अंदर तो आ चुके हैं लेकिन बस में पैर रखने तक की जगह नहीं है। इस भारी भीड़ में खड़े होकर परीक्षा केंद्र तक पहुंच कर हम कैसे आराम से परीक्षा दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं की परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिए यात्रा की माकूल व्यवस्था की जाए।

## वीडीओ भर्ती परीक्षा में 1 घंटे पहले तक मिली एंट्री: 36 केंद्रों पर बायोमेट्रिक पहचान से प्रवेश, कड़े रहे सुरक्षा इंतजाम



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं जिले में रविवार को 36 परीक्षा केंद्रों पर वीडीओ भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। इनमें 31 सेटर शहर में और 5 सेटर बगड़ कस्बे में बनाए गए है। इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 12,048 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से कड़े इंतजाम किए। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद परीक्षार्थियों को एंट्री दी गई। बॉयोमैट्रिक जांच के बाद मिला प्रवेश परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला मुख्यालय के तमाम स्कूल-कॉलेजों में बने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड और पहचान पत्र लेकर पहुंचे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के लिए सुबह 10 बजे की समय सीमा निर्धारित थी। निर्धारित समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। प्रवेश के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी की पहचान आधार कार्ड के माध्यम से बायोमेट्रिक चेहरे की पहचान प्रणाली (फेस रिकॉग्निशन सिस्टम) से की गई, ताकि किसी भी प्रकार की फर्जी प्रविष्टि या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। केंद्रों के बाहर पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई, वहीं उड़नदस्तों को लगातार निगरानी के लिए सक्रिय रखा गया। जिलेभर में कुल 6 उड़नदस्ते गठित किए गए, जो परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए तत्पर रहे। साथ ही, 1249 वीक्षक और 65 पर्यवेक्षक परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त किए गए है। हर केंद्र पर परीक्षा से पहले जांच प्रक्रिया में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और किसी भी संदिग्ध सामग्री को लेकर सख्त तलाशी की गई। कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण झुंझुनूं के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 के तहत प्रतिबंध लागू किया गया ताकि भीड़भाड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। यातायात पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर व्यवस्थाएं संभालते हुए अभ्यर्थियों के लिए आसान पहुंच सुनिश्चित की।

# अनंत सिंह की गिरफ्तारी सिर्फ डैमेज कंट्रोल, नीतीश न घर के न घाट के: अशोक गहलोत

## बिहार के दूसरे चरण के मतदान में भी गहलोत, पायलट कांग्रेस के स्टार प्रचारक, 40 नेताओं की सूची जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव के कांग्रेस के मुख्य पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में दुलाराम हत्याकांड में अनंत सिंह की गिरफ्तारी सिर्फ डैमेज कंट्रोल के तहत की गई है अगर अनंत सिंह की गिरफ्तारी नहीं की जाती तो पूरे बिहार में एनडीए का सुपड़ा साफ हो जाता उन्होंने कहा कि एनडीए के नेता चुनाव प्रचार में लालू यादव के जंगल राज की बात कहा करते थे लेकिन दुलाराम हत्याकांड से बिहार की जनता को हकीकत का पता चल गया है उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया नीतीश कुमार यह अच्छी तरह से समझ गए हैं कि अब उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा इसीलिए उन्होंने खुद चुनावी घोषणा पत्र तक जारी नहीं किया क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया ही नहीं जाएगा तो फिर वह क्यों अपने मुंह से वादे करें उधर कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार की ओर से बिहार में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव में 40 नेताओं को स्टार प्रचारक नियुक्त किया है जिनमें राजस्थान से अशोक गहलोत और सचिन पायलट को फिर से स्टार प्रचारक को में शामिल किया गया है अशोक गहलोत बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के मुख्य पर्यवेक्षक पहले से ही नियुक्त हैं राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं कांग्रेस पार्टी के कुशल रणनीतिकारों में उनकी गिनती होती है राजस्थान में उन्हें राजनीति का जादूगर कहा जाता है इसलिए कांग्रेस हाई कमान ने उन पर भरोसा करके उन्हें बिहार में पार्टी का मुख्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया बिहार के दूसरे चरण में कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारकों को में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल ,रणदीप सुरजेवाला, अभिरंजन चौधरी, दिग्विजय सिंह, मीरा कुमार, भूपेश बघेल, सुप्रिया श्रीनिकेत अशोक गहलोत ,सचिन पायलट जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं इनमें सचिन पायलट बिहार में युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय बताई जा रहे हैं बिहार के पहले चरण के चुनाव में आयोजित जनसभा में पायलट को सुनने के लिए बड़ी संख्या में युवा मौके पर पहुंचे थे बिहार के युवाओं में पायलट का क्रेज राजस्थान की तरह लगातार बढ़ता जा रहा है इसलिए बिहार में युवा का एक वर्ग ऐसा भी है जो नीतीश कुमार सरकार को पसंद नहीं करता उन युवाओं का विश्वास हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने सचिन पायलट को स्टार प्रचारक के रूप में आगे किया है तो दूसरी तरफ अशोक गहलोत काफी कुशल रणनीतिकार हैं राजस्थान में उनकी ओर से लागू की गई तमाम तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बिहार के लोगों को भी गहलोत अक्सर बताते रहते हैं और कहते रहते हैं कि उनकी ओर से लागू की गई योजनाओं को उस समय देश में कई राज्यों की सरकारों ने लागू किया था बिहार में गहलोत यह भी आरोप लगाते हैं कि उन्होंने जो जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की थी उन योजनाओं को राजस्थान में भजनलाल सरकार ने बंद कर दिया है इसलिए भारतीय जनता पार्टी कभी भी गरीब, आदिवासी, वंचित मजदूर, किसान का भला नहीं चाहती है इस तरह की बातें गहलोत बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान कहते रहते हैं ।





## राहुल गांधी भाषण देने के बाद तालाब में कूद पड़े, मछलियां पकड़ने लगे

### सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहे राहुल गांधी, नौकायन का भी ले रहे आनंद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी और उनके समर्थक दलों को सफलता मिलेगी या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह से रोमांटिक मूड में भी नजर आते हैं और चुनाव प्रचार में हो रही थकावट को दूर करने के लिए नए-नए तरीका भी अपना रहे हैं इसका ताजा उदाहरण रविवार को देखने को मिला जब बेगूसराय में कांग्रेस प्रत्याशी अमित भूषण के समर्थन में सोना चिमनी ग्राउंड में उन्होंने सभा को संबोधित किया प्रदेश की नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला केंद्र की मोदी सरकार पर भी कई तरह के आरोप लगाए भाजपा और संघ भी उनके निशाने पर रहे उनके भाषण को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी आए थे लेकिन भाषण के बाद राहुल गांधी ने स्थानीय युवाओं की गुजारिश पर पोखर में मछली पालन देखने का आग्रह स्वीकार किया इस दौरान उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और युवाओं के साथ मछली पकड़ने के लिए राहुल गांधी पोखर में कूद गए राहुल गांधी के साथ विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश साहनी ने भी तालाब में डुबकी लगाई और राहुल गांधी के साथ यह दोनों नेता मछलियां पकड़ते हुए नजर आए इस दौरान वहां मौजूद युवाओं ने राहुल गांधी का वीडियो भी बना लिया और फिर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जिसके बाद सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी सुर्खियां बटोर रहा है खास बात यह है कि तालाब में नहाने के दौरान राहुल गांधी एक साधारण मजदूर इंसान की तरह नजर आ रहे थे उनके इस व्यवहार और रवैया को देखकर वहां मौजूद लोग यह भी कहते नजर आए कि राहुल गांधी बिल्कुल साधारण इंसान है उनका यह व्यवहार लोगों को खूब पसंद आया । राहुल गांधी आम जन से सहज रूप में मुलाकात करते हुए तालाब तक सड़क मार्ग से पहुंचे उनके इस सरल और मिलनसार व्यवहार की सबने तारीफ की राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जनता का स्नेह और आत्मीयता उनकी सबसे बड़ी ताकत है इस वीडियो को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शहर किया उन्होंने कहा कि मछली पालन कार्य जितना सरल दिखता है उतनी ही इन लोगों की गंभीर और बड़ी समस्याएं हैं उनका निदान होना चाहिए बिहार की नदियां, नहरें ,तालाब और मछुआरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है उनके अधिकारों और सम्मान के लिए हर कदम पर उनके साथ खड़ा हूं इस तरह की बातें राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखी है ।

## इसरो की ऐतिहासिक उड़ान: बाहुबली से लांच की सबसे भारी सैटेलाइट

### समुद्र में बनेगी नौसेना की 'आंख'





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने रविवार को श्रीहरिकोटा से भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस3 कम्युनिकेशन सेटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है यह नौसेना की सबसे बड़ी एडवांस्ड सेटेलाइट है इसका वजन लगभग 4400 किलोग्राम है इससे नौसेना की समुद्री इलाके में निगरानी की क्षमता मजबूत होगी एक तरह से यह सैटेलाइट समुद्र में मिलिट्री के लिए के लिए आंख का काम करेगा । इस सेटेलाइट की सबसे बड़ी खास बात यह है कि अब तक की सबसे भारी कम्युनिकेशन सेटेलाइट है इससे पहले इसके हल्के सेटेलाइट भेजे गए थे यह एडवांस तकनीक से लैस है यह भारतीय महासागर क्षेत्र में मजबूत टेलीकम्युनिकेशन कवरेज देगा जानकारी के अनुसार यह भारत का अब तक का सबसे भारी संचार उपग्रह जिसमें अत्यधिक स्वदेशी घटक शामिल हैं उच्च क्षमता वाले ट्रांसपोंडर जो आवाज डाटा और वीडियो लिंक को एक साथ संचालित कर सकेंगे इससे मल्टी बंद कम्युनिकेशन सपोर्ट मिलेगा जिससे नौसेना के जहाज, पनडुब्बियों, विमान और समुद्री संचालन केदो के बीच सुरक्षित और संपर्क बना रहेगा इससे भारतीय महासागर क्षेत्र में व्यापक टेलीकम्युनिकेशन कवरेज संचालित करने में मदद मिलेगी इस उपलब्धि का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे नौसेना की समुद्री डोमेन जागरूकता और रणनीतिक क्षमताओं में वृद्धि होगी इसे बाहुबली के नाम से जाना जाता है यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त पहल है रविवार को इसरो की इस नई उपलब्धि से एक बार फिर से भारत ने पूरी दुनिया में अपनी ताकत का एहसास करवा दिया है निश्चित रूप से मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने अंतरिक्ष और विज्ञान में जबरदस्त उपलब्धि हासिल की है यही वजह है कि दुनिया के अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अब भारत की ताकत का सम्मान करने लगे हैं और भारत के आगे कहीं ना कहीं झुकने लगे हैं यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और उनकी ओर से लिए गए ऐतिहासिक फैसलों और निर्णय की वजह से साकार हो रहा है ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडियन मिलिट्री ने जो उपलब्धि हासिल की वह जगजाहिर है और रविवार को जिस तरह से इसरो ने एक और सैटेलाइट को लॉन्च किया है उससे निश्चित रूप से भारत अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में भारत के नाम का डंका बजाने लगा है ।

# पेंशन समाज की मासिक बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** पेंशनर समाज की मासिक बैठक रविवार को संरक्षक मोहनलाल सेवदा के सानिध्य में देवीदत्त पारीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर मालचंद चौधरी द्वारा ईश वंदना प्रस्तुत कर बैठक में इस माह जन्म दिवस पर उमेश कुमार, शंकरलाल ओझा, तेजपाल सिंह, नन्दलाल जांगिड़, अब्दुल गफ्फार, बनवारीलाल शर्मा के साथ ही नवीन सदस्यता ग्रहण करने वाले पेंशनर्स गोविंद सिंह, इन्दराराम नेमीवाल व विष्णुदत्त जाडीवाल का सम्मान माला, दुपट्टा व साहित्य भेंट कर किया गया। संरक्षक बृजलाल स्वामी द्वारा अपनी ओर से साहित्य भेंट किया गया। मंत्री जगदीश प्रसाद प्रजापति ने गत बैठक की कार्यवाही विवरण व आर्थिक स्थिति को प्रस्तुत किया जिसका सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ विश्वलाल पारीक ने आरजीएचएस योजना में वर्तमान में हो रही कठिनाइयों पर विस्तार से जानकारी दी। इस योजना का लाभ पेंशनर्स को लेने में दिन प्रतिदिन परेशानियां उठानी पड़ रही है। संगठन द्वारा भी इस सम्बन्ध में कोई सुधारात्मक उपाय नहीं करवाये जा रहें हैं। पेंशनर्स के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में सरकारी उपेक्षा पर चिन्तन करते हुए इस सम्बन्ध में राज्य स्तरीय पदाधिकारियों को आन्दोलन करने की तैयारी करने का आग्रह किया गया। उपाध्यक्ष कमला प्रसाद जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रामेश्वर प्रजापति ने वक्ताओं का उत्साह वर्धन किया। बैठक में चन्दनमल सैनी, शंकरलाल ओझा, निर्मल कुमार निर्वाण, प्रेमरतन भोजक ने भजनों की प्रस्तुति कर व तेजपाल सिंह ने कीर्तन करवा कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। बैठक में उपस्थित 90 से अधिक सदस्यों के जीवन प्रमाण पत्र अपलोड किए गए। इस कार्य में नरेंद्र सेवदा, अर्जुन पारीक व अजय कुमार रोहिल्ला का योगदान सराहनीय रहा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने पेंशन भवन में हो रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में श्यामसुंदर सेवदा व चम्पालाल चोहान का विशेष सहयोग रहा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी माह दिसम्बर की बैठक 17 दिसम्बर को पेंशनर्स दिवस पर रखने का निर्णय लिया गया। इस दिन पेंशनर्स दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक का संचालन मंत्री जगदीश प्रसाद प्रजापति ने किया। बैठक का समापन अध्यक्षीय उद्बोधन व धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



# यात्रियों और पर्यटकों को सौगात: जयपुर- दिल्ली फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी

### रोजाना 8-9 फ्लाइट निर्धारित, दोपहर के समय ज्यादा फ्लाइट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर से दिल्ली आने जाने वाले यात्रियों के लिए यहां सड़क और रेल परिवहन व्यवस्था तो पहले से ही काफी अच्छी है अब वायु परिवहन में भी जयपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी की गई है गर्मियों में जहां जयपुर से दिल्ली के लिए 4 से 5 फ्लाइट ही निर्धारित थी अब जयपुर एयरपोर्ट से रोजाना दिल्ली के लिए 8 से 9 फ्लाइट निर्धारित की गई है जिसकी वजह से यात्रियों को काफी राहत मिली हुई है बड़ी बात यह है कि अब पर्यटकों का सीजन शुरू हो गया है जयपुर में बड़ी संख्या में रोजाना देश और विदेश के पर्यटक आते हैं दिल्ली से आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी तेजीसे इजाफा हो रहा है हर साल दिल्ली से जयपुर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं जिसमें विदेश से आने वाले पर्यटक ज्यादातर फ्लाइट ट्रेन के माध्यम से ही यहां पहुंचते हैं हालांकि विभिन्न ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से भी दिल्ली से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां रोजाना आते हैं लेकिन बहुत से पर्यटक ऐसे होते हैं जिनके पास समय की काफी कमी होती है खासतौर से विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक-एक घंटा काफी कीमती होता है इसलिए इस अवस्था में दिल्ली से ज्यादातर पर्यटक फ्लाइट के माध्यम से ही यहां आते हैं इसलिए पर्यटकों के सीजन को देखते हुए जयपुर एयरपोर्ट से फ्लो की संख्या में इजाफा किया गया है बड़ी बात यह है कि दोपहर के समय जयपुर स्टेशन से ट्रेन का संचालन कम होता है इसलिए दोपहर के समय फ्लाइट की संख्या ज्यादा बढ़ाई गई है ताकि पर्यटकों को और यात्रियों को ज्यादा सुविधा रहे । जानकारी के अनुसार जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट से रोजाना सुबह 8:30 बजे 11. 35, 12.05, 1.40, 1.55, 4.05, 4.55,10.05, रात11.50 बजे फ्लाइट जयपुर से दिल्ली के लिए सुनिश्चित की गई है इसके अलावा हर शनिवार को शाम 3:30 बजे एक फ्लाइट जयपुर से दिल्ली के लिए पहले से ही संचालित है । जानकारी के अनुसार रोजाना फ्लाइट की अवधि तय करते समय ट्रेनों के समय सारणी को भी निगाह में रखा गया है जयपुर जंक्शन पर दोपहर के समय कम ट्रेनों का संचालन होता है इसलिए जयपुर एयरपोर्ट से दोपहर के समय फ्लाइट की संख्या में ज्यादा बढ़ोतरी की गई है ताकि यात्रियों को सुविधा रहे ।जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर से दिल्ली के लिए करीब रोजाना 17 से 18 ट्रेनों का संचालन होता है जिसमें वंदे मातरम और डबल डेकर ट्रेन की सुविधा से यात्रियों को काफी आराम मिला है इसलिए जयपुर से दिल्ली की रेल परिवहन व्यवस्था भी काफी मजबूत है दूसरी तरफ सड़क परिवहन व्यवस्था भी यात्रियों के लिए काफी अच्छी है जयपुर से दिल्ली के लिए सिंधी कैंप बस अड्डे से हर 10 से 15 मिनट के अंतराल में राजस्थान रोडवेज की बस आसानी से उपलब्ध हो जाती है इसके अलावा निजी बस ऑपरेटर भी बड़ी संख्या में जयपुर से दिल्ली के लिए बसों का संचालन करते हैं कुल मिलाकर जयपुर से दिल्ली की यात्रा काफी सरल है और मुंबई दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण से अभी अब यात्रा की अवधि भी काफी कम हो गई है इसलिए जयपुर से दिल्ली अब दूर नहीं है ।





स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।